दैनिक **नव प्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 01 फरवरी 2026 शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 339 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं कि आधी छोड़ पूरी धाय आधी मिली न पूरी पाय। यूजीसी के नए नियमों पर भले ही सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन दे दिया है लेकिन मामला सुलटा नहीं है। यह विवादास्पद गाइडलाइन सरकार के लिए गले की हड्डी बन चुकी है जो न निगलते बन रही है और न ही उगलते। 20 प्रतिशत सवर्ण वोटर तो हत्थे से उखड़ ही गये हैं। अब इस गाइडलाइन को रद्दी की टोकरी में फेंका गया तो 80 प्रतिशत भी हाथ से निकल जाएंगे। यह तो वही बात हो गई कि दुविधा में दोनों गये माया मिली न राम।

सीएम साय की सख्ती का असर, समीक्षा के बाद अब नया टेंडर होगा, शासन के बचेंगे 14 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा छापी जाने वाली कागजों की मोटाई अब नहीं बढ़ेगी। बीते दिनों सीएम साय की समीक्षा बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। निर्णय के आधार पर पापुनि द्वारा जारी किया गया पुराना टेंडर रद्द कर दिया गया है।

नए टेंडर में कागजों की मोटाई पूर्ववत रखी गई है। इससे सरकार पर वित्तीय भार कम आएगा और छात्रों के बस्ते का बोझ भी नहीं बढ़ेगा। छत्तीसगढ पाठ्य पुस्तक निगम ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मुफ्त स्कूली किताबों की छपाई के लिए इस बार 70 जीएसएम के बजाय 80 जीएसएम कागज का उपयोग करने की योजना बनाई थी। जिसके लिए लगभग 11,000 मीट्रिक टन कागज की खरीदी की जानी थी। वर्तमान सप्ताह में मुख्यमंत्री द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पुस्तकों की छपाई 70 जीएसएम वाले कागजों में ही की जाएगी। इसके बाद नए सिरे से टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया की जाएगी।

खास बातें

- मुफ्त किताबों के लिए 70 के बजाय 80 जीएसएम कागज उपयोग की बनाई थी योजना
- बच्चों के बस्ते का बोझ नहीं बढ़ेगा, 70 जीएसएम कागज में होगी पुस्तकों की छपाई

कागज खरीदी का पुराना टेंडर रद्द

किताबों की मोटाई पूर्ववत ही रखे जाने से बच्चों के बस्ते का बोझ नहीं बढ़ेगा। मोटाई बढ़ाने से लागत में जो 14 करोड की वृद्धि होती, वह भी अब नहीं होगी। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक की पुस्तकों के आंतरिक पृष्ठों के लिए अब 80 जीएसएम और कवर के लिए 220 जीएसएम कागज के इस्तेमाल का फैसला किया था।

पुस्तक मामले में चर्चा में रहा है पापुनि

कक्षा 9वीं-10वीं के लिए 70 जीएसएम वाले कागजों का ही उपयोग किए जाने का निर्णय लिया गया था। इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और बेहतर टिकाऊ पुस्तकें उपलब्ध करवाना था। चूंकि 70 जीएसएम के कागजों में भी गुणवत्ता पर्याप्त रूप से बेहतर होती है, इसलिए कागजों की मोटाई बढ़ाए जाने संबंधित फैसले को बस्तों के बोझ बढ़ाने और वित्तीय भार में वृद्धि के रूप में देखा जा रहा था। कई स्तर पर पापुनि की इस संदर्भ में आलोचना भी हो रही थी।

वित्तीय भार कम होगा

"सरकार के निर्देशानुसार पुराना टेंडर रद्द किया गया है। नए टेंडर के मुताबिक कागजों की मोटाई पूर्ववत रखे जाने से वित्तीय भार कम होगा। इसके अतिरिक्त बस्ते पर अधिक बोझ भी नहीं पड़ेगा।

– **डिगेश पटेल,** महाप्रबंधक, पाठ्य पुस्तक निगम

धान खरीदी : 31 जनवरी थी अंतिम तारीख, शनिवार को नहीं हुई खरीदी, अब किसानों को तारीख बढ़ने की आस

टोकन, टेंशन और उम्मीद में अन्नदाता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस बार धान खरीदी ने किसानों को रूला दिया। सिस्टम, अफसरशाही और नियमों के पेंच ने किसानों को ऐसा फंसाया कि अन्नदाता अपनी जान देने को मजबूर हो रहे हैं। 31 जनवरी खरीदी की आखिरी तारीख थी, लेकिन शनिवार होने की वजह से समिति बंद रहे। इस साल टोकन नहीं कटने और धान नहीं बिकने से टेंशन में कुछ किसान आत्महत्या करने जैसे आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। कुछ जहर सेवन कर अस्पताल पहुंच गए। कोई मरने के लिए टावर पर चढ़ गया। बालोद जिले के एक किसान ने धान नहीं बिकने पर परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी देकर सिस्टम पर सवाल उठा दिया है। प्रदेश में हजारों की संख्या में किसान धान नहीं बेच पाए हैं। इधर धान खरीदी को लेकर कांग्रेस, सरकार पर लगातार हमलावर है तो वहीं धान नहीं बेच पाए किसानों को अब सुशासन की सरकार से खरीदी समय सीमा बढ़ाए जाने की उम्मीद है।

कीटनाशक दवा लेकर खरीदी केंद्र पहुंचा किसान

गुरुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने धान खरीदी 31 जनवरी तक करने की घोषणा की थी, लेकिन शनिवार की वजह से केंद्रों में खरीदी बंद है। इधर बड़ी संख्या में किसान समितियों में धान बेचने को पहुंचे, लेकिन खरीदी नहीं होने से निराश होते रहे। बालोद जिले के अरमरी कला खरीदी केंद्र में धान नहीं बिकने से चिंतित एक किसान शुक्रार को कीटनाशक दवा लेकर पहुंच गया। इसकी सूचना प्रशासनिक गलियारों तक पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया है। शनिवार को जनपद सीईओ, एसडीएम और तहसीलदार गांव पहुंचे। मिली जानकारी के मुताबकि अरमरी सोसाइटी में मन्नू साहू नाम किसान कीटनाशक दवा लेकर पहुंचा था। टोकन नहीं कटने की वजह से वह धान नहीं बेच पाया है। किसान मन्नू द्वारा गंभीर कदम उठाने की जानकारी से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्व विधायक का भी नहीं बिका धान, धरने पर बैठी रहीं

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के अरमरीकला खरीदी केंद्र में बालोद संजारी विधानसभा की पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू और उनके पुत्र भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यकारिणी एवं जनपद सदस्य नरेश साहू खुद अपने धान बेचने के लिए अरमरीकला खरीदी केंद्र में शुक्रवार दोपहर से बैठे नजर आए। वे रात को भी समिति में बैठे थे और शनिवार को भी समिति में ही धान बेचने के लिए आए हैं। पूर्व विधायक कुमारी बाई सरकार के इस व्यवहार से व्यथित हैं।

हाई टेंशन टावर पर चढ़ा किसान, हंगामा

जांजगीर चांपा। जांजगीर-चांपा जिले के कसौदी गांव में धान बेचने के लिए टोकन न कटने से नाराज किसान अनिल कुमार पैगवार ने शनिवार को हाई टेंशन टावर पर चढ़कर विरोध जताया। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फिनाइल पीकर जान देने की कोशिश

अकलतरा। जांजगीर-चांपा जिले में धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्था से तंग आकर एक किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। अकलतरा विकासखंड के ग्राम सांकर में रहने वाले ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टोकन नहीं मिला कीटनाशक पी लिया

कोरबा। धान बिक्री के लिए टोकन न मिलने से जूझ रहे ग्राम पुटा निवासी किसान सुमेर सिंह गोड़ ने 12 जनवरी को कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूचना पर सांसद ज्योत्सना महंत अस्पताल पहुंची थी।

राज्यपाल को लिखा था पत्र : महंत

पिछले दिनों नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने धान खरीदी को लेकर राज्यपाल रामेन डेका को पत्र लिखा था। उन्होंने राज्यपाल से खरीदी में हस्तक्षेप की मांग की थी। महंत ने कहा था कि किसानों को जारी टोकन पर भी उनसे कम मात्रा में धान लिया जा रहा है। टोकन नहीं कटने से किसान परेशान हैं। किसानों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शन और आंदोलन हो रहे हैं, जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। राज्यपाल से आग्रह किया था कि वे राज्य सरकार को निर्देश दें कि किसानों से पूरा धान खरीदे और तिथि आगे बढ़ाए।

बढ़ाएं धान खरीदी की तिथि : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी घोषित किया है। अभी तक 3 लाख से अधिक किसान धान नहीं बेच पाये है। लगभग 4.7 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। धान खरीदी की तिथि 1 माह बढ़ाई जाये। आनलाइन टोकन काटने की बंद प्रक्रिया फिर शुरू की जाये तथा सभी सोसायटियों में आफलाइन टोकन देना भी शुरू किया जाये। प्रदेश के हर किसान का दाना-दाना धान सरकार खरीदे।

किसानों की आय बढ़ाने पतला और सुगंधित धान को बढ़ावा दिया जाए

■ **छत्तीसगढ़ के एग्रोक्लाइमेट के अनुरूप बनाएंगे विशेष नीति : शिवराज सिंह चौहान**

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को कृषि के क्षेत्र में उन्नत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों और राज्य सरकार के अधिकारियों की टीम अगले एक हफ्ते में छत्तीसगढ़ के एग्रोक्लाइमेट के अनुरूप विशेष नीति बनाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंत्रालय महानदी भवन में कृषि विभाग के कामकाज की उच्च स्तरीय समीक्षा उपरांत अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में फसल विविधिकरण को बढ़ावा देना है, ताकि किसानों की आय बढ़े। साथ ही छोटी जोत के किसानों को कृषि से इतर पशुपालन, मत्स्यपालन, वानिकी जैसे सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में रिसर्च की समस्या, वैरायटी की समस्या को दूर किया जाएगा और फसलों के वैविध्य पर काम किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर समन्वय के साथ काम हो रहा है, और बेहतर करने की अनंत संभावनाएं हैं। अलग-अलग प्रयोग कर कृषि को और सशक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि अनुसंधान ऐसा होना चाहिए, जिससे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

किसान सशक्त होंगे और देश समृद्ध होगा

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के किसानों के आय को बढ़ाने की दिशा में निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि उपकरणों एवं कृषि तकनीकों को अपनाकर नवाचार के साथ खेती करने से फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी, किसान सशक्त होंगे और देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बेहतर कार्य हो रहा है।

न्यूज गैलरी

अमृत उद्यान तीन फरवरी से खुलेगा

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आम लोगों के लिए तीन फरवरी से खोल दिया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को इसका उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नाविका गुप्ता ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि लोग तीन फरवरी से अमृत उद्यान देखने के लिए राष्ट्रपति भवन आ सकेंगे। यह उद्यान आम जनता के लिए 31 मार्च तक खुला रहेगा।

पीयूष पांडे बंगाल के नए डीजीपी नियुक्त

कोलकाता। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी पीयूष पांडे को शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का कार्यवाहक नियुक्त किया गया. यह नियुक्ति मौजूदा डीजीपी राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के कारण की गई है. जारी आदेश के अनुसार, 1993 बैच के अधिकारी पीयूष पांडे अगले आदेश तक कार्यभार संभालेंगे. राजीव कुमार के रिटायरमेंट से एक दिन पहले शनिवार को उनके उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा नवन्ना ने की। इसके साथ ही कई टॉप पोस्ट में फेरबदल किया गया है।

एयरबस को एच-175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

हैदराबाद(वार्ता)। फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं।

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम

■ **महाराष्ट्र की पहली महिला उप मुख्यमंत्री, एनसीपी नेता शरद पवार नहीं पहुंचे**

मुंबई (ए.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की वरिष्ठ नेता और दिवंगत अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार ने आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली है।

लोकभवन में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने पति और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत अजित पवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए, सुनेत्रा पवार ने न केवल सत्ता की कमान संभाली है। वित्त एवं योजना विभाग को छोड़कर अजित पवार के पास रहे सभी विभाग सुनेत्रा पवार को सौंपे गए। अजित पवार के पास वित्त एवं योजना, राज्य उत्पाद शुल्क, खेल एवं अल्पसंख्यक मामलों के विभाग थे। वित्त एवं योजना विभाग को छोड़कर बाकी सभी विभाग सुनेत्रा पवार को दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुनेत्रा पवार को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनने और इस दायित्व को संभालने वाली पहली महिला बनने पर, सुनेत्रा पवार जी को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों के कल्याण के लिए अथक परिश्रम करेंगी और दिवंगत अजितदादा पवार के विज़न को साकार करेंगी।

मोदी आज पंजाब के दौरे पर जाएंगे

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, महान संत और समाज सुधारक गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर रविवार को पंजाब का दौरा करेंगे और वहां आदमपुर हवाई अड्डे का नामकरण 'श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा, आदमपुर' करने के साथ ही राज्य को नागरिक उड्डयन बुनियादी ढांचे की सौगात देंगे। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी कल दोपहर करीब पौने चार बजे राज्य के आदमपुर पहुंचेंगे। श्री मोदी अपने इस दौरे में लुधियाना के हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री ने तीर-धनुष से साधा लक्ष्य

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर के बिंजली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तीरंदाजी के स्थानीय युवा खिलाड़ियों से आत्मीय मुलाकात की और स्वयं तीर-धनुष उठाकर लक्ष्य साधते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बस्तर अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने खुद को मारी गोली

बेंगलुरू (ए.)। कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे रॉय ने शुक्रवार को सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस खबर ने पूरे शहर को चौंका दिया है। घटना के बाद हर कोई हैरान है। पुलिस के मुताबिक घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3.15 बजे हुई। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स (आईटी) विभाग की तलाशी चल रही थी। रॉय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। कॉन्फिडेंट ग्रुप की स्थापना वर्ष 2005 में हुई थी। यह समूह रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में एक जाना-माना नाम है।

गरमा-गरम

बजट से उम्मीद — 13 लाख तक की कमाई हो सकती है टैक्स फ्री, बजट में पांच बड़े ऐलान संभव

300 नई ट्रेनों की घोषणा, किसान सम्मान निधि में इजाफा संभव

नई दिल्ली। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को बजट पेश करेंगी। बजट में इनकम टैक्स की नई रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया जा सकता है। इससे सैलरीड लोगों की 13 लाख रुपए की इनकम फ्री हो सकती है। अभी 12.75 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री है। इससे मिडिल क्लास के हाथ में आने वाला पैसा बढ़ेगा। महीने में कुछ हजार रुपए की बचत हो सकती है। ये खर्च, सेविंग या निवेश में काम आएगी।

किसान सम्मान निधि: 50 फीसदी बढ़ सकती सालाना रकम: पीएम-किसान योजना की राशि 6 हजार से 9 हजार रुपए सालाना की जा सकती है। बीते 3 साल से इसे बढ़ाने की बात हो रही है। 2019 में योजना शुरू होने के बाद से इसमें बदलाव नहीं हुआ है। 2024 में संसदीय स्थायी समिति ने रकम दोगुना करके 12 हजार रुपए सालाना करने की सिफारिश की थी। किसान संगठनों का कहना है कि 2019 से मिल रहे 6 हजार रुपए की कीमत महंगाई की वजह से 5 हजार रुपए रह गई है। इसे बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया जाना चाहिए।

पीएम सूर्य घर योजना: बजट में 2 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर सब्सिडी को 30 हजार प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 40 हजार करने का ऐलान हो सकता है। मौजूदा नियमों के मुताबिक 2 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाने पर 30 हजार प्रति किलोवाट के हिसाब से कुल 60 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है। अगर बजट में सब्सिडी 10 हजार रुपये प्रति किलोवाट बढ़ाई गई तो सोलर सिस्टम पर कुल 80 हजार रुपए सब्सिडी मिलेगी। यानी 20 हजार रुपए की बचत। 3 किलोवाट से ऊपर के सिस्टम के लिए सब्सिडी 78 हजार रुपए पर सीमित है।

आयुष्मान भारत: 60 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गो को फायदा: सरकार आयुष्मान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नई अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनें

केंद्र की मोदी सरकार नई ट्रेनें चलाकर 2030 तक रिजर्वेशन की वेटिंग लिस्ट खत्म करना चाहती है।

ऐसे में 300 से ज्यादा अमृत भारत और वंदे भारत ट्रेनों का ऐलान हो सकता है। पिछले बजट में रेलवे के लिए 2.65 लाख करोड़ रुपए अलॉट किए गए थे। यह अब तक का सबसे बड़ा रेल फंड है। इस बार भी इसके बढ़ने की उम्मीद है। ट्रेनों में रोजाना सफर करने वाले करीब 2 करोड़ लोगों को इसका फायदा होगा।

शराब दुकानों में मैन पावर के लिए 300 करोड़ का टेंडर, शर्तें दरकिनार

■ **आबकारी में 'टर्नओवर' का खेल, सीवीसी नियमों की अनदेखी के लग रहे आरोप**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमसीएल) ने राज्य की 676 शराब दुकानों के संचालन के लिए मैन पावर सप्लाई का नया टेंडर जारी कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 से प्रभावी होने वाला यह टेंडर 3 साल के लिए करीब 300 करोड़ रुपये का है। हालांकि, टेंडर की शर्तों ने विभाग और ठेका कंपनियों के बीच खलबली मचा दी है। इस बार 'अनुभव' और 'पंजीकृत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

3 साल के लिए व्यवस्था 19 मार्च को खुलेगा टेंडर

मैन पावर सप्लाई के लिए टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 मार्च 2026 तय की गई है, उसी दिन बिड खोली जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में 676 दुकानें हैं, जिनमें 67 नई दुकानें और जोड़ने की तैयारी है। लगभग 700 दुकानों के संचालन के लिए करीब 4 हजार कर्मचारियों की आवश्यकता होगी।

3.52 लाख पौधों का रोपण, एनएमडीसी नगरनार हुआ हरा-भरा, हरियाली का दे रहा संदेश

विकसित हुआ मानव निर्मित वन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगए मानव निर्मित वन क्षेत्र की स्थापना के लिए तैयार है, जिसका उद्देश्य पारिस्थितिक तंत्र के क्षरण को रोकना, उसे स्थिर करना और उसे उलटना, जलवायु परिवर्तन से लड़ना और बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटना को टालना है। हरियाली का स्पर्श जोड़ने और पर्यावरण के साथ संतुलन बनाने की अवधारणा न केवल प्रदूषण को कम करेगी बल्कि क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को भी पुर्नजीवित करेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण विस्तार के उद्देश्य से एनएमडीसी नगरनार क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कार्य किया गया है। निगम द्वारा एनएमडीसी नगरनार के साथ अनुबंध के तहत

वर्ष 2017 से 2025 के बीच कुल 3 लाख 52 हजार 500 पौधों का रोपण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में एक मानव निर्मित वन का सफल विकास हुआ है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने इस उपलब्धि के लिए विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है। इस दीर्घकालिक वृक्षारोपण परियोजना के अंतर्गत स्थानीय जलवायु के अनुकूल छायादार, फलदार एवं अन्य उपयोगी प्रजातियों के पौधों का चयन कर वैज्ञानिक पद्धति से रोपण एवं नियमित संरक्षण किया गया। परियोजना का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों से उत्पन्न पर्यावरणीय प्रभावों को कम करना, जैव विविधता को बढ़ावा देना तथा क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन को सुदृढ़ करना है। गौरतलब है कि वन विकास निगम के अधिकारियों के अनुसार विकसित मानव निर्मित वन भविष्य में वायु गुणवत्ता सुधार, जल संरक्षण, तापमान संतुलन एवं हरित वातावरण निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल राज्य सरकार की सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण नीति के अनुरूप एक सराहनीय प्रयास है। उक्त कार्य औद्योगिक वृक्षारोपण मण्डल, जगदलपुर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

न्यूज गैलरी

अजीत पवार के निधन पर श्रद्धांजलि

रायपुर /नवप्रदेश। अजीत पवार के प्लेन दुर्घटना मे निधन होने पर श्रध्दांजली प्रदान कर दो मिनट का मौन रख कर पवार परिवार को

शोक सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रदान करने की प्रार्थना किया गया राष्ट्रीय महासचिव कांत कसेर प्रदेशाध्यक्ष मनोज गुप्ता के साथ हिमान्शु वर्मा पं.भीषम शर्मा आई के वर्मा रितेश वर्मा सीताराम साहू श्याम सुन्दर साहु प्रान्शु कसेर रायपुर जिला अध्यक्ष किशोर कुमार सोनी गिरीश हरिहारनो शकुंतला ठाकुर छाया जामुलकर राजू परते दुलारु यादव दिपेश सिन्हा शुभम ताम्रकार दुगेश साहू ब्रिजेश चौरसिया सपा विनय भैय्या ने पुरानी बस्ती रायपुर मे जिला अध्यक्ष किशोर कुमार सोनी के यहां उपस्थित होकर श्रध्दांजली प्रदान कि जानकारी संगठन सचिव भजन जागडे दिया गया

20 हजार 383 किसानों के खातों में 284 करोड़ रुपये अंतरित

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले में चालू खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य की अंतिम तिथि शुक्रवार को समाप्त हुई। 15 नवंबर से 30 जनवरी तक की अवधि में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 20 हजार 383 किसानों से 12.01 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई।वही करीब 3 हजार किशान किसी न किसी समस्या व नियम के कारण बेच नही पाए वही जिन्होंने बेचा इसके एवज में किसानों के खातों में 284 करोड़ 60 लाख रुपये अंतरित किए गए। उपार्जन अवधि के दौरान किसानों को वितरित किए गए ऋण के विरुद्ध 45 करोड़ 05 लाख रुपये की वसूली भी की गई है।

सोना-चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव जारी, सराफा बाजार में असमंजस

रायपुर के व्यापारी बोले- सिर्फ30% तक हो रहा कारोबार

रायपुर/नवप्रदेश। सोना-चांदी की कीमतों में लगातार हो रहे तेज उतार-चढ़ाव ने रायपुर के सराफा बाजार को असमंजस की स्थिति में ला दिया है। एक ओर निवेशक इस उतार-चढ़ाव को अवसर के रूप में देख रहे हैं, वहीं शादी के सीजन में आम ग्राहकों का बजट गड़बड़ा गया है। सोने-चांदी के भाव में भारी बदलाव के कारण रिटेल कारोबार प्रभावित हुआ है। हालांकि निवेशक और स्टॉकिस्ट बाजार में रोजाना ट्रेड और खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण कारोबार करीब 30 प्रतिशत हो रहा है।

25 सालों से सराफा कारोबार से जुड़े व्यापारी मोहित जैन ने बताया कि उन्होंने अपने पूरे करियर में पहली बार इस तरह की अस्थिरता देखी है। पहले सोने चांदी के भाव में करीब 2 हजार रुपए का अंतर महीने भर में देखने को मिलता था, लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि हर दिन बड़ा उतार-चढ़ाव हो रहा है। इससे ग्राहकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बाजार में मिला-जुला असर

सराफा कारोबारियों के अनुसार, कीमतों में उतार-चढ़ाव से आम खरीदार असमंजस में है, जबकि निवेशक इसे अवसर के रूप में देख रहे हैं। आने वाले दिनों में बाजार की दिशा अंतरराष्ट्रीय संकेतों और निवेशकों की रणनीति पर निर्भर करेगी।

निवेशक उठा रहे गिरावट का फायदा

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि बाजार में इस समय हर तरह के लोग आ रहे हैं, जिसमें निवेशक और ज्वेलरी खरीदने वाले दोनों शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों लगातार भाव बढ़ रहे थे। शुक्रवार को सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली, जिसका फायदा निवेशकों ने उठाया है। रेट रिवाइज हुए हैं। यह गिरावट निवेशक और स्टॉकिस्टों की मुनाफा वसूली के कारण हुई।

सीएसपीडीसीएल के 25 साल, सेवा-उपभोक्ता-विश्वास और विद्युत क्षेत्र में रहा उपलब्धियों भरा

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आज जिला मुख्यालय कबीरधाम (कवर्धा) में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीएसपीडीसीएल की 25 वर्षों की सेवा, उपभोक्ता विश्वास एवं विद्युत क्षेत्र में उपलब्धियों को समर्पित रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन एवं सीएसपीडीसीएल द्वारा संचालित जनकल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाना तथा उपभोक्ताओं को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए जागरूक करना रहा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने पर केंद्र एवं राज्य शासन से अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी संभव है। साथ ही सौभाग्य योजना, कृषि पंप विद्युतीकरण योजना, डिजिटल बिलिंग एवं ऑनलाइन भुगतान सुविधा, तथा स्मार्ट मीटरिंग जैसी योजनाओं एवं पहलों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में यह बताया गया कि सीएसपीडीसीएल द्वारा जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक निर्बाध, सुलभ एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे जनजीवन, कृषि, व्यापार एवं उद्योग को निरंतर गति मिल रही है।

कमिश्नरी इफेक्ट: थानों में अब नो पेंडेंसी, 8 दिन में 201 केस, एक ही दिन में हत्या के दो मामले दर्ज

सख्ती: कमिश्नर के निर्देश पर अपराध छिपाने का खेल बंद, बाइक और मोबाइल चोरी पर भी तत्काल एफआईआर

थाना क्षेत्र	दर्ज एफआईआर (8 दिन)	मुख्य कार्रवाई
टिकरापारा	26	चाकूबाजी और चोरी के मामलों में सख्ती।
खमतराई	23	असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई।
डीडी नगर	21	लूट और चोरी की शिकायतों पर संज्ञान।
सिविल लाइन	15	वीआईपी एरिया में भी दर्ज हुए मामले।
मुजगहन	03	एक ही दिन में हत्या की कोशिश के 2 केस दर्ज।

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में पुलिस कमिश्नरी सिस्टम लागू होने के साथ ही 'फ्री रजिस्ट्रेशन' की नीति पर अमल शुरू हो गया है। अब थाने पहुंचने वाले पीड़ितों को एफआईआर के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। पिछले महज 8 दिनों के भीतर रायपुर के विभिन्न थानों में 201 नए मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के स्पष्ट निर्देश हैं कि आंकड़ों की चिंता किए बिना हर अपराध पर तुरंत एफआईआर की जाए, ताकि बदमाशों में खौफपैदा हो और आरोपियों की पहचान आसान हो सके।

थानावार कार्रवाई: टिकरापारा और खमतराई अव्वल: कमिश्नर के निर्देश के बाद कुछ थानों में मुस्तैदी काफी बढ़ी है। टिकरापारा, खमतराई और डीडी नगर ऐसे क्षेत्र रहे जहां सबसे ज्यादा केस दर्ज किए गए।

बदला ट्रेंड: मामूली चाकूबाजी भी अब 'गंभीर' अपराध: पहले चाकूबाजी की घटनाओं में पुलिस अक्सर मामूली धाराओं (मारपीट) में केस दर्ज कर खानापूर्ति कर लेती थी। लेकिन अब: मामूली चाकूबाजी या धारदार हथियार से हमले को भी अब धारा 103 (हत्या की कोशिश) के तहत दर्ज किया जा रहा है। महिला संबंधी अपराधों और छेड़खानी के मामलों में जांच के साथ ही तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश हैं। मोबाइल और बाइक चोरी में अब 'गुमशुदगी' का आवेदन देकर टालने के बजाय सीधे एफआईआर की जा रही है। 15 बाइक चोरी के मामले पिछले 8 दिनों में दर्ज हुए हैं।

पहले की तुलना में अब क्या बदला?

पुराना सिस्टम: वाहन चोरी या साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट के लिए लोग महीनों चक्कर काटते थे। पुलिस आंकड़े कम दिखाने के लिए एफआईआर दर्ज करने से बचती थी। कमिश्नरी सिस्टम: अब आवेदन पेंडिंग रखने के बजाय तत्काल केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की जा रही है। जमीन और लेन-देन के पेचीदा मामलों में भी दस्तावेजों की जांच के बाद एफआईआर में देरी नहीं की जा रही है।

कमिश्नर का दो टूक संदेश

सभी थानेदारों को निर्देश दिया गया है कि वे आंकड़ों की बाजीगरी में न उलझें। थाने आने वाली हर जायज शिकायत पर एफआईआर होनी चाहिए। हमारा लक्ष्य आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाना है, न कि कागजों में अपराध कम दिखाना।

डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर, रायपुर

संक्षिप्त खबरें

कबीर नगर पुलिस ने 50 हजार की हेरोइन के साथ पंजाब के आरोपी को पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्रवाई पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक पश्चिम के नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में की गई। उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के निर्देशन एवं थाना प्रभारी कबीर नगर के नेतृत्व में अंजाम दी गई। थाना कबीर नगर क्षेत्र अंतर्गत बीएसयूपी कॉलोनी में अवैध रूप से नशीले पदार्थ की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे एक अंतरराज्यीय आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 8.53 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50,000 रुपये है। इसके अतिरिक्त एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।

फोर्टिफाइड चावल का टेंडर नहीं फिर दो माह का राशन गरीबों को कैसे मिलेगा?

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य संचालनालय के दो माह का चावल एकमुश्त देने के आदेश को गरीबों के साथ भद्दा मजाक करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से पूछा जब सरकारी गोदाम में चावल नहीं है? फोर्टिफाइड राइस का टेंडर नहीं हुआ है? फिर गरीबों को दो माह का चावल एकमुश्त देने का आदेश क्यों दिया गया? ये आदेश गरीबों के साथ भद्दा मजाक है, अपमान है। क्या खाद्य

संचालनालय के अधिकारी बेसुध रहते है? उन्हें अपने विभाग की स्टॉक के बारे में जानकारी नहीं है? बड़ी अराजक स्थिति है? राशन कार्डधारी पहले ही खराब क्वालिटी की सड़ा हुआ चावल राशन दुकानों से मिलने की शिकायत कर रहे है। जिस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। क्या विभाग, खाद्य मंत्री के बिना जानकारी इस प्रकार से आदेश दिया है? क्या ये आदेश विभागीय मंत्री के अनुमोदन से हुआ है? क्या दो दिन में लाखों टन चावल जिसमें फोर्टिफाइड चावल मिला हो उपलब्ध हो जायेगा? प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार को कौन चला रहा है खाद्य मंत्री को इसका जवाब देना चाहिए कि खाली गोदाम से गरीबों के घर तक दो माह का चावल कब पहुंचेगा? सरकार के अजीबोगरीब फरमान से खाद्य अधिकारी एवं राशन दुकान संचालक सभी परेशान है। गरीबों को चावल देने के नाम से भाजपा सरकार गुमराह कर रही है। सरकार तत्काल फोर्टिफाइड मिला चावल की व्यवस्था कर, राशन कार्डधारियों को दे।

रेल्वे कर्मी अशोक ने पेश किया अनुपयोगी स्क्रैप से रचनात्क उपयोग का उदाहरण

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे कर्मियों द्वारा स्क्रैप सामग्री से निर्मित माँ दुर्गा एवं भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमाएँ कार्यालय परिसर, रायपुर में स्थापित की गई हैं। माँ दुर्गा की प्रतिमा की ऊँचाई 10 फीट तथा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की ऊँचाई 7 फीट है।

इन दोनों प्रतिमाओं का निर्माण रेलवे के सुप्रसिद्ध कलाकार अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में मात्र 25 से 30 दिनों की अवधि में 6 रेलवे कर्मियों की टीम द्वारा किया गया है। यह कलाकृति रेलवे में उपलब्ध अनुपयोगी स्क्रैप सामग्री के रचनात्मक एवं कलात्मक उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि देवांगन इससे पूर्व भारतीय रेलवे के देशभर के विभिन्न रेलवे कारखानों एवं कार्यालयों में सैकड़ों कलाकृतियों का निर्माण कर चुके हैं। उनकी प्रमुख कृतियों में इंडिया गेट, गेटवे ऑफ इंडिया, ताजमहल, कुतुब मीनार, मेक इन इंडिया का देश का सबसे बड़ा लोगो, भगवान गणेश, भगवान बुद्ध सहित अनेक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक प्रतीक शामिल हैं। देवांगन की कलाकृतियाँ गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हैं। इस कलाकृति निर्माण में सेक्शन इंजीनियर समीर श्रीवास्तव, कीर्ति वर्मा, तथा रेलवे कर्मी पुरुषोत्तम केवर, दिलीप विश्वकर्मा, खूबी वर्मा, जग्गू चौहान एवं गजाधर मिस्त्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रजत महोत्सव-2026: बिजली बिल का समय पर भुगतान करने वाले उपभोक्ता भी हुए सम्मानित

सौर ऊर्जा को बढ़ावा, पीएम सूर्यघर योजना के हितग्राहियों को मिला 'सौर मित्र सम्मान'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ द्वारा उपभोक्ताओं के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को रायपुर के नयापारा फूल चौक परिसर (नगर संभाग मध्य) में आयोजित शिविर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को 'सौर मित्र सम्मान' से नवाजा गया।

25 वर्षों के सफर का प्रदर्शन: छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 30 जनवरी से 6 फरवरी तक प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में पावर कंपनी के 25 वर्षों के गौरवशाली सफर को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान न केवल सौर ऊर्जा अपनाने वालों को, बल्कि बिना किसी बकाया के समय पर बिजली बिल भुगतान करने वाले घरेलू, गैर-घरेलू और एकल बत्ती श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति: कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त-एक) महावीर विश्वकर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जोन क्रमांक-04 के अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन क्रमांक-07 की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा तथा पार्षद अवतार सिंह बागल उपस्थित थे। विभागीय अधिकारियों में कार्यपालन अभियंता अविनाश कुमार निवडिंग, शिवकुमार गुप्ता, जी.के. बंजारे सहित सहायक व कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

इन उपभोक्ताओं का हुआ सम्मान

समारोह में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए:

सौर श्रेणी (सोलर प्लांट): द सिस्टर इंचार्ज (आशा निकेतन, पंडरी), प्रेसिडेंट कान्यकुन्ज आशीर्वाद भवन और राजकिशोर साहू (चूना भट्ठी)।

एकल बत्ती श्रेणी: श्रीमती द्रौपदी छुरा, श्रीमती हिमांशी नायक एवं शिवकुमार पठारी।

घरेलू श्रेणी: श्रीमती रमादेवी खंडेलवाल, मोहम्मद इमरान खान एवं राहुल शर्मा।

गैर-घरेलू श्रेणी: मेसर्स राजेश फॉर्मा, प्रेसिडेंट कान्यकुन्ज आशीर्वाद भवन एवं नन्दकिशोर।

पुलिस कमिश्नर प्रणाली कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दायित्वों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रायपुर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के पश्चात, कमिश्नरेट के अंतर्गत कार्यरत सहायक पुलिस आयुक्त एवं उससे उच्च श्रेणी के अधिकारियों के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संबंधी दायित्वों पर दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 30 एवं 31 जनवरी को कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सी4) रायपुर में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को कमिश्नरेट प्रणाली के अंतर्गत प्रदत्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संबंधी अधिकारों, दायित्वों, कानूनी प्रावधानों तथा व्यावहारिक प्रक्रियाओं की गहन जानकारी देना था, ताकि कानून-व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों का त्वरित, प्रभावी एवं विधिसम्मत निर्वहन सुनिश्चित किया जा सके। दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर रायपुर डॉ. संजीव शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का उपयोग सजगता और प्रभावी ढंग से किया जाना आवश्यक है, जिससे आम जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो तथा असामाजिक तत्वों और अपराधियों के हौसले पस्त हों।

प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले, डीसीपी मध्य जोन उमेश गुप्ता, डीसीपी उत्तर जोन मयंक गुर्जर, डीसीपी पश्चिम जोन संदीप पटेल तथा डीसीपी साइबर एवं क्राइम स्मृतिक राजनाला उपस्थित रहे। कार्यशाला में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के. के. वाजपेयी ने विषय विशेषज्ञ के रूप में अधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के दायित्वों, वैधानिक शक्तियों एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं पर विस्तृत एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

मरीन ड्राइव में मॉर्निंग वॉक, वाहन पार्किंग पर लगेगा अब नाममात्र शुल्क: महापौर

मॉर्निंग वॉक करने वालों से कोई पार्किंग शुल्क नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक करने आने वाले नागरिकों को रायपुर नगर पालिक निगम ने बड़ी राहत दी है। महापौर मीनल चौबे ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले किसी भी नागरिक से वाहन पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसे उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों का सम्मान बताया।

महापौर एमआईसी सदस्यों के साथ मरीन ड्राइव स्थित वाहन पार्किंग स्थल पहुंचीं और व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर स्थल समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मॉर्निंग वॉक के समय आने वाले सैकड़ों लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनसे कोई शुल्क वसूल न किया जाए।

महापौर ने कहा कि रेस्टोरेंट, होटल अथवा अन्य स्थानों पर घंटों समय बिताने वाले और अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े करने वालों से नाममात्र का पार्किंग शुल्क लिया जाना जायज है। इससे सड़क पर फैलने वाली अव्यवस्था को नियंत्रित किया जा सकेगा और यातायात सुचारू रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था आम नागरिकों की सुविधा के लिए बनाई जा रही है, न कि मुनाफा कमाने के लिए। निगम परिषद सुझाव और संवाद के माध्यम से कार्य करेगी।

रायपुर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का पर्दाफाश 6 आरोपियों से 37.50 लाख कैश और 3 कार जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। बीती रात पुलिस ने नागोराव गली अंडरब्रिज के पास से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 37.50 लाख रुपए कैश, 10 मोबाइल और तीन लग्जरी कारें बरामद की गई है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 92.50 लाख रुपए आंकी गई है। मामला गंज थाना क्षेत्र का है। दरअसल, पुलिस की सूचना मिली थी कि अंडरब्रिज के पास थार और नेक्सा कार में बैठे लोग मोबाइल के जरिए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

इसके बाद घेराबंदी कर 6 आरोपियों को अरेस्ट किया।

कैश और मोबाइल बरामद: गिरफ्तार आरोपियों में रखब देव पाहुजा, पीयूष जैन, जितेन्द्र कुमार कृपलानी उर्फ जीतू, दीपक अग्रवाल, कमल राघवानी और सचिन जैन के नाम शामिल हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने कैश और मोबाइल बरामद किए। 37.50 लाख रुपए कैश, 10 मोबाइल, 2 महिंद्रा थार और 1 नेक्सा एक्सएल कार जब्त की गई।

इन धाराओं के तहत की गई कार्रवाई: पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी की गई। गंज थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) के तहत मामला दर्ज किया है ।

बस्तर अंचल | दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बच्चों ने आत्मीय स्वागत में दी हनुमान चालीसा एवं बस्तर के पारंपरिक गीत की प्रस्तुति

नारायणपुर के परीयना दिव्यांग आवासीय विद्यालय को बस देने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज नारायणपुर जिले के गरांजी स्थित परीयना दिव्यांग आवासीय विद्यालय में अचानक छात्रों के बीच पहुंचे। विद्यालय पहुंचने पर संस्था में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र रंजीत बड्डे सहित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा स्वागत गीत, हनुमान चालीसा एवं बस्तर अंचल के पारंपरिक गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की मांग पर मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यालय को एक बस उपलब्ध कराने की घोषणा की।

दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं अच्छी हैं, उनका पूरा लाभ लेकर सभी अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने बच्चों को आईएएस, आईपीएस जैसे उच्च पदों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया और कहा कि किसी भी प्रकार की शारीरिक कमी से निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों पर ईश्वर का विशेष आशीर्वाद होता है।

बच्चों ने जब उनसे पूछा गया कि उन्हें विद्यालय आकर कैसा लगा, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के बीच आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। एक बच्ची के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने बताया कि बचपन में उन्हें पिट्ठू, फुटबॉल जैसे खेल खेलना बहुत पसंद था ।

न्यूज गैलरी

पीएम बृजराज पाठशाला के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शुक्रवार को पीएम बृजराज पाठशाला के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया । कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व अतिथियों ने पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान स्थापित करें। आगे कहा कि सभी नींव मजबूत करें, मन लगाकर पढ़ाई करें। पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी भागीदारी लेने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि देश के भविष्य के लिए यह जरूरी है कि युवाओं में शिक्षा का प्रसार हो, इसके लिए उनकी शिक्षा की नीव मजबूत होनी जरूरी है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता पवन पटेल, श्याम साकरकर, पार्षद सुनैना ठाकुर, आकाश पांडे, रामेश्वर पटवा, अभिषेक पांडे, डीईओ विजय लहरे, समग्र शिक्षा परियोजना अधिकारी रेखराज शर्मा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

युवक को जंगल ले जाकर किया अप्राकृतिक कृत्य

महासमुंद/नवप्रदेश। जान से मारने की धमकी देकर युवक को जंगल ले जाकर अप्राकृतिक संबंध बनाने की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि 02 जनवरी को वह अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इसी दौरान एक पेट्रोल पंप के पास आरोपी अपने दोस्त के साथ मिला और अपने घर चलने कहा, जब उसने मना किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा, जिससे वह डरकर उसकी गाड़ी में बैठ गया। तब आरोपी उसे सुखीडबरी जंगल में ले गया और वहां मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींची। बाद वह आरोपी के घर चला गया, जहां रात रूका। 3 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे आरोपी उसे अपनी बाइक में बिठाकर जंगल लेकर गया और जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि तीन माह पूर्व भी आरोपी ने सुखरीडबरी के जंगल में उसके साथ आपत्तिजनक हरकत की थी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(1), 127(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

पत्नी के साथ मारपीट, पति के अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट करने के वाले आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वंशिका सोनी ने पुलिस को बताया कि उसका पति मनीष सोनी नशा करके आए दिन मारपीट करता था, जिससे वह बच्चों को अपनी मां के पास छोड़कर चेन्नई चली गई थी। 13 जनवरी को पिता के मृत्यु की बाद वह सरायपाली आयी तथा 23 जनवरी को उनके पिता का दशगात्र कार्यक्रम हुआ। इसी दिन पति मनीष सोनी साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगा। जब उसने मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपी के पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

कंपनी के ट्रेलर में लोड सामान कबाड़ी को बेचा, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। ट्रेलर में लोड सामान को कबाड़ी के पास बेचने के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को करणी कृपा पावर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी तुमगांव के सुरक्षा एवं प्रशासनिक मुखिया ने आवेदन देकर बताया कि 19 जनवरी को उनके प्लांट में बजरंग इस्पात तिल्दा से ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एके 1820 पहुंचा, जिसमें लोड सामानों की जांच में मिट्टी मिला व करीब 750 किलो पैलेट कम था। ड्राइवर आदित्य कुमार ने उक्त माल खरोरा के कबाड़ी के पास बेचना बताया तथा इस कार्य में प्लांट के पैलेट के सुपरवाइजर व अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत होना बताया । पुलिस ने आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 316 (3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

नवधा रामायण समारोह में शामिल हुए अश्वनी शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर से 7 किलोमीटर ग्राम सेमरियाघाट मे आयोजित अखंड नवधा रामायण समारोह में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए। इस दौरान उन्होने कहा कि रामकथा जीवन मे सत्य धर्म और कर्तव्य के साथ साथ अन्याय पर न्याय की जीत की प्रेरणा देता है। बदलते हुए परवेश में उन्होने गांव मे सुख शाति व समृद्धि के लिए धार्मिक आयोजन को बढ़ावा देकर सत्य के मार्ग पर चलने का आवाहन किया।

राजिम कल्प कुंभ की गरिमा खत्म करने सुनियोजित षडयंत्र कर रहे अधिकारी, भाजपाइयों में आक्रोश

■ धमतरी जिले के मगरलोड ब्लॉक की उपेक्षा का आरोप, भाजपा नेताओं - कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ मेला आयोजन को लेकर धमतरी जिले के मगरलोड ब्लॉक की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को धमतरी जिले के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता राजिम पहुंचे और बिजली, साफ सफाई, रंगाई पुताई, अवैध वसूली को लेकर कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास धरने पर बैठ गए। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और राजिम कुंभ की जिम्मेदारी केवल गरियाबंद जिले को सौंपे जाने पर कड़ा विरोध जताया गया। भाजपा नेताओं का कहना है कि पूर्व के वर्षों में गरियाबंद, रायपुर और धमतरी–तीनों जिलों को राजिम कुंभ में प्रतिनिधित्व मिलता रहा है, साथ ही धमतरी जिले को भी राजिम कुंभ के नाम से फंड आवंटित किया जाता था। लेकिन इस बार पूरी जिम्मेदारी केवल गरियाबंद जिले को दी गई है, जिससे धमतरी जिले के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। धरना प्रदर्शन में जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष सहित सैकड़ों भाजपा नेता-कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि धमतरी जिला कुंभ आयोजन से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़ा रहा है, ऐसे में उसे अलग करना अनुचित है।

अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी

लोमश ऋषि आश्रम के मंदिरों तथा पास ही स्थित अन्य भवनों की लिपाई पुताई नहीं कराई गई है। पास ही स्थित हाल में धूल गंदगी पसरी हुई है। पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। लाइटिंग भी नहीं कराई गई है। स्वागत द्वार भी नहीं लगाया गया है। आश्रम में बाहर से आए साधु संतों के भोजन आदि की व्यवस्था भी नहीं की गई है।

अवैध वसूली का लगाया आरोप

धरना दे रहे जनप्रतिनिधियों ने कुलेश्वर महादेव क्षेत्र में छोटे छोटे दुकानदारों से 1 हजार से 50 हजार रुपए वसूली किया गया है उसे वापस लौटने की मांग की साथ ही तत्काल से किसी भी प्रकार की वसूली को रोके जाने की मांग की। इस क्षेत्र में झांकी लगाने वालों ने बताया कि हमे पानी, बिजली आदि किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी जा रही है और फिर भी भारी भरकम राशि की मांग की जा रही है। जबकि मेले में आए लोगों के मनोरंजन का प्रमुख आकर्षण यही होता है।

तीन घंटे चला धरना

मगरलोड जनपद अध्यक्ष के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं ने तीन घंटे तक धरना दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राजिम एसडीएम विशाल महाराणा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। एसडीएम द्वारा मांगों पर उचित कार्रवाई और उच्च अधिकारियो तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

पीएम जनमन योजना में बड़ा घोटाला

गरियाबंद जिले में एक करोड़ से अधिक राशि के 9 आंगनबाड़ी केंद्र अधूरे, लेकिन 90% राशि का भुगतान

गरियाबंद/नवप्रदेश। केंद्र और राज्य सरकारें आदिवासी बहुल एवं विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, ताकि इन समुदायों को शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जा सके। लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत इन योजनाओं पर पलीता लगा रही है। ऐसा ही एक गंभीर मामला गरियाबंद जिले से सामने आया है, जहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत 9 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में भारी गड़बड़ी और अनियमितता सामने आई है।

दो साल बीतने के बाद भी एक भी आंगनबाड़ी पूर्ण नहीं

जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लिए 9 नए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए थे। प्रत्येक केंद्र के निर्माण के लिए 11.69 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी कार्यालय सहायक आयुक्त को दी गई। जब कि ये कार्य अन्य निर्माण एजेंसी या पंचायत को भी दिया का सकता था। इधर, समयावधि (3 माह) समाप्त होने के बावजूद एक भी आंगनबाड़ी केंद्र आज तक पूर्ण नहीं हो सका। 18 महीने बाद भी स्थिति यह है कि कई स्थानों पर प्लिंथ लेवल के बाद का कार्य नहीं हुआ तो कही थोड़ी बहुत दीवाल उठा रखी है। जिसके बाद से काम बंद है।

काम अधूरा, भुगतान पूरा

सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि बिना कार्य पूर्ण किए ही ठेकेदार को लगभग 90 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया। यह भुगतान कथित रूप से संबंधित अधिकारियों के संरक्षण में किया गया। सूत्रो के मुताबिक विभाग के कर्मचारी ये भली भांति जानते थे कि ये नियम विरुद्ध भुगतान है, लेकिन प्रभारी सहायक आयुक्त नवीन भगत ने दबाव बनाकर राशि आहरण करवा दी। करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में कार्य पूरा दिखाया जा रहा है। अब सवाल उठता है की ठेकेदार और अधिकारी के बीच आपसी क्या बातचीत हुई की उन्होंने बिना कार्य पूर्ण किए ही भुगतान कर दिया। यह जांच का विषय है।

सूत्रों के अनुसार यह कार्य रायपुर निवासी योगेश बंसल को मिला हैं। क्रांति ट्रेडर्स और अजय राठौर नाम की दो फर्म के माध्यम से उन्होंने ये ठेका प्राप्त किया है। बताया जाता है कि योगेश बंसल का नाम इसमें हिडन है, वे सीधे तौर पर तो सामने नही है, लेकिन इस कार्य से जुड़े सभी कार्य के लिए वे खुद ही विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों से मिलते रहे।

आदिवासी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आदिवासी और पिछड़ी जन जाति के बच्चों के विकास और शिक्षा के लिए बनी योजना को भ्रष्टाचार की भेंट क्यों चढ़ाया गया? बिना निर्माण पूर्ण हुए ठेकेदार को 90 प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। जिला प्रशासन के संज्ञान में मामला होने के बाद भी अब तक जिम्मेदार अधिकारी पर ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। जो संदेह का कारण है। जानकारी के मुताबिक ये आंगनबादी मैनपुर ब्लॉक में भाटडुमा, कोटखोझरी, खरसेपारा बनियापारा, गोलामाल सिहंगपारा-01, छोटेनवारा एवं कुहीमाल में बनने थे। इसी क्रम में ब्लॉक गरियाबंद में भेजराडीह उपपारा, ब्लॉक देवभोग में उरली नवापारा तथा ब्लॉक छुरा में कोकड़ीखोड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में भवन निर्माण किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत नव आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया था। महिला बाल विकास विभाग ने मार्च से जून के बीच दो किस्तो में 11.69 लाख प्रति आंगनबाड़ी के हिसाब से 1 करोड़ 5 लाख की राशि भी हस्तारिंत कर दी।

स्वामी आत्मानंद स्कूल भाटापारा में वार्षिकोत्सव की धूम

विधायक इन्द्र साव ने विशाल रंगमंच के लिए 10 लाख की घोषणा की

भाटापारा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद स्कूल, भाटापारा में वार्षिक उत्सव का आयोजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी कला का अद्भुत नजारा पेश करते हुए उपस्थित लोगों को ताली बजवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं रंगमंच निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि इस संस्था के शिक्षक जिस समर्पण भावऔर निष्ठा से बच्चों को शिक्षित कर रहे है ये उन्हीं के द्वारा गढ़े गए बच्चे हैं, जो मंच पर इतनी अच्छी प्रतिभा को प्रस्तुत कर रहे है ,जो काफी प्रशंसनीय कार्य है। श्री साव ने कहा कि अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन यदि इसी प्रकार विद्यार्थियों को मिलता रहे तो निश्चित रूप से यहाँ के छात्र अपने संस्था नगर का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वार्षिक उत्सव केवल मनोरंजन नहीं बल्कि बच्चों की बहुआयामी व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है।

किताबी ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ में उनमें नेतृत्व क्षमता का संचार होता है । विधायक इंद्र साव ने संस्था के प्राचार्य अशोक सिंह परिहार की मांग पर विद्यालय के लिए 5 अतिरिक्त कक्षाओ के निर्माण, स्पोर्ट्स सुविधा के लिए आश्वस्त किया तथा रंगमंच हेतु 10 लाख रुपए देने की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक, समूह नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया।

नगर भटगांव में तीन दिवसीय अंतराज्यीय कबड्डी स्पर्धा का किया गया आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के मेला ग्राउंड में तीन दिवसीय अंतराज्यीय स्तरीय महिला वर्ग व पुरुष वर्ग का कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है?। जिसमें प्रथम दिवस महिला वर्ग के द्वारा कबड्डी का मुकाबला चला जिसमें शक्ति व हरियाणा प्रदेश का रोमांचित मैच चला साथ ही दोनो टीमों के बीच एक दूसरे की जीत को लेकर पछाड़ने मे लगे रहे। जहां छत्तीसगढ़ से शक्ति जिला से आये महिला वर्ग टीम और हरियाणा की टीम से कड़ा मुकाबला हुआ जिसमे शक्ति की टीम को पछाड़ते हुए हरियाणा की टीम ने बाजी मारी। तो वहीं दूसरे टीम एसटीसी बिलासपुर व बुंदेलाभाटा के टीमों के बीच भारी अंतर से जीत हार हुआ जिसमें प्रथम एसटीसी बिलासपुर ने बुंदेलाभाटा टीम को पछाड़ते हुए जीत हासिल की। वहीं, कबड्डी प्रतियोगिता के प्रथम दिवस मे हरियाणा, तथा दूसरे नंबर मे एसटीसी बिलासपुर ने जीत दर्ज किया और इस तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान, उडीसा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के टीम आने से कबड्डी प्रतियोगिता रोमांचित होने के आसार हैं। जहां इस कबड्डी प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन, पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर, ब्लाक अध्यक्ष सतनामी समाज सालिक राम घृतलहरे, सामाजिक कार्यकर्ता गीता बर्मन, मधुबन खुर्द सरपंच पन्ना लाल बंजारे, सचिव प्रगतिशील सतनामी समाज परिक्षेत्र मनोज निराला, प्रगतिशील सतनामी समाज ब्लाक उपाध्यक्ष शनि बंजारे, ओमप्रकाश चंद्रा के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन और समस्त पार्षद गण रहे। जहां कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 201 रूपये है तो वहीं पुरूषों के लिए प्रवेश शुल्क 501 रूपये रखें गये है।

और जीतने वाले टीम को महिला वर्ग में प्रथम इनाम 41026, द्वितीय 31026, तृतीय 21026, चतुर्थ 15026 रूपये है वहीं पुरूष वर्ग में प्रथम इनाम 55026, द्वितीय 31026, तृतीय 21026, चतुर्थ 15026 रूपये है। जहां नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे द्वारा पुरूष वर्ग की दो टीम और महिला वर्ग की दो टीम को सांत्वना पुरस्कार 5000 रूपये दिया जायेगा। साथ ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टाईगर कुर्रे द्वारा टुर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रत्येक टीम को मोमेंटो प्रदत्त किया जायेगा।

देवांगन समाज तरेंगा राज में हुआ आदर्श विवाह

भाटापारा/नवप्रदेश। देवांगन समाज तरेंगा राज द्वारा एक अनोखे आदर्श विवाह का आयोजन गातापार रणबोड मंदिर में किया गया इस विवाह समारोह ने ना केवल फिज़ूल खर्ची पर अंकुश लगाया बल्कि समाज को दहेज मुक्त और सरल विवाह का संदेश भी दिया इस विवाह में वर और वधू पक्ष ने बिना किसी लेनदेन के एक दूसरे को स्वीकार किया।

इस विवाह समारोह में केवल अनिवार्य धार्मिक रस्मों को महत्व दिया गया और अनावश्यक शोर-शराबा व सजावट से परहेज किया गया इस अवसर पर तरेंगा राज के पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे जिन्होंने नवदंपति को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया संस्था के संरक्षक, एवं प्रदेश देवांगन समाज कल्याण के महासचिव परस देवांगन ने कहा हमारा उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना है यह आदर्श विवाह केवल एक समारोह नहीं बल्कि एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत है इस प्रकार के आयोजन पूरे प्रदेश में जिला मंडल राज के माध्यम से किया जा रहा है समाज ऐसे आयोजन में विवाह करने वालों को प्रोत्साहन करते रहेगी ! नव विवाहित जोड़े ने अपने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह इस पहल का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और अन्य युवाओं को भी सादगी पूर्ण विवाह के लिए प्रेरित करना चाहते हैं ।

इस अवसर पर तरेंगाराज के पदाधिकारी अध्यक्ष फेरू राम देवांगन उपाध्यक्ष शिवकुमार देवांगन परदेसी देवांगन सचिव बलराम देवांगन कोषाध्यक्ष नारायण देवांगन आशीष देवांगन युवा अध्यक्ष हर्ष देवांगन जयप्रकाश देवांगन समोदा,कृष्ण कुमार देवांगन सहित देवांगन समाज के लोग एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

जेसीस कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

अच्छे अनुशासन और शिक्षा के दम पर स्कूल की प्रगति संभव: इन्द्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। संस्था में जुड़े हुए सदस्यों की मेहनत और शाला प्रबंधन के अनुशासन तथा अच्छी शिक्षा अगर सही ढंग से मिलती रहे तो वह संस्था निरंतर आगे प्रगति करती रहती है,उन्हें कोई संदेह नहीं कि नगर की यह शिक्षण संस्था अपने दम में लगातार आगे बढ़ रही है,जिसका पूरा श्रेय संस्था प्रमुखों और प्रबंधनों को जाता है जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र है।उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने जेसीस समिति द्वारा संचालित जेसीस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल के 39 वे वार्षिक स्नेह सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि जेसीस समिति द्वारा संचालित यह संस्था कॉन्वेंट से प्रारंभ होकर हायर सेकेंडरी तक पहुंच गई है यह सब संस्था से जुड़े हुए सदस्यों की मेहनत और शाला प्रबंधन में लगे हुए प्राचार्या एवं टीचिंग स्टाफ की मेहनत और आपसी सामंजस्य के बलबूते हो पाया है किसी भी कार्य को करने की लगन उसे उसकी मंजिल तक पहुंचाती है ऐसा इस संस्था के पदाधिकारियो ने कर दिखाया है। विधायक ने कहा कि जेसीस कॉवेंट जिले का सबसे पहला इंग्लिश मीडियम स्कूल है उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके पसंद के खेलकूद की और भी ध्यान देना की वकालत करते हुए कहा कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होते रहे, जिसके लिए संस्था के द्वारा इस स्कूल में लगातार बच्चों के हित में कार्य किये जाते हैं जो निश्चित रूप से बच्चों और उनके पालकों के लिए अच्छी बात हैं कि पढ़ाई के साथ-साथ शाला में अन्य गतिविधियां प्रतियोगिताएं, खेलकूद वगैरह भी करवाए जाते हैं। इस स्कूल के बच्चे आज भाटापारा में ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी अपना परचम लहरा रहे हैं।

उन्होंने आज के इस शानदार और अच्छे कार्यक्रम के लिए संस्था प्रमुखों की जमकर तारीफ की।इस दौरान विधायक श्री साव ने बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड समीक्षा कामरी 12वीं (बायलॉजी) को प्रदान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामना दी।

इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव के साथ अध्यक्षता सतीश अग्रवाल अध्यक्ष जेसीस समिति एवं विशेष अतिथि ईश्वर सिंह ठाकुर भी थे। जेसीस कान्वेंट की प्राचार्या श्रीमती ममता गुप्ता ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन कुमारी आकांक्षा तिवारी और अनुष्का राजपूत के साथ विद्यार्थियों में दामिनी वर्मा, देवयानी मिरी एवं नम्रता साहू ने भी किया।कार्यक्रम को देखने काफी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए दुर्गेश वर्मा का चयन

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। धरसींवा की प्रतिष्ठित शैक्षाणिक संस्थान शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ला महाविद्यालय धरसींवा के पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र दुर्गेश वर्मा का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महाविद्यालय के खेल अधिकारी राकेश कुमार पाल ने बताया कि सॉफ्टबॉल पुरुष वर्ग में क्षेत्र स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, जिसमें रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया था। इसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम में जगह बनाई। उनका चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ ।

किसानों की खेती को फायदे की खेती बनाएंगे: शिवराज चौहान

किसानों को परंपरागत खेती के साथ नई तकनीक, उन्नत बीज तथा फल, फूल, सब्जी एवं औषधीय फसलों की खेती अपनाने पर जोर

भिलाई/नवप्रदेश। केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत के किसानों ने अपनी मेहनत और परिश्रम से देश की दिशा और दशा दोनों बदल दी है। वर्तमान में कृषि की विकास दर 4.45 प्रतिशत है, कृषि क्षेत्र में एक-दो प्रतिशत की वृद्धि भी बड़ी मानी जाती है। खेती को लाभ का धंधा बनाना है तो परम्परागत खेती के अलावा फलों, सब्जियों मसाले एवं औषधि फसलों की खेती के साथ कृषि के उन्नत तकनीक को अपनाना होगा।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान आज कुम्हारी में किसान मेला में शिरकत करते हुए यहां आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि भारत आज चावल उत्पादन में दुनिया में नंबर वन बन चुका है और चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। देश में 18 करोड़ टन चावल का उत्पादन हुआ है, इसी कारण छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। फल और सब्जी उत्पादन में भी भारत ने रिकॉर्ड तोड़ा है। सब्जियों की ग्रोथ रेट अद्भुत है और अब लोगों के दैनिक जीवन में फलों की खपत भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है और किसान उसकी आत्मा। किसान केवल अन्नदाता नहीं बल्कि जीवनदाता है और जीवनदाता भगवान के समान है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। खेती में प्रगति हुई है, लेकिन किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती को लाभ का व्यवसाय बनाना जरूरी है। इसके लिए परंपरागत खेती के साथ नई तकनीक, उन्नत बीज और फल, फूल, सब्जी एवं औषधीय फसलों की खेती को अपनाना होगा। आज छत्तीसगढ़ में उत्पादित सब्जियां अन्य राज्यों में भेजी जा रही हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने खेतों में नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यहां बैंगन की जड़ों पर टमाटर फल रहे हैं तो तीखी मिर्च में शिमला मिर्च उगाई जा रही है। किसान मेला में प्रगतिशील किसानों ने हाईटेक मंडी और प्रशिक्षण केंद्र के लिए भूमि की मांग रखी।

मंत्री चौहान ने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नकली खाद और बीज की समस्या पर चिंता जताते हुए बताया कि संसद के आगामी सत्र में सीड एक्ट लाया जाएगा ताकि खराब बीज देने वालों पर कड़ी कार्यवाही हो सके। इसी तरह कीटनाशक (पेस्टिसाइड) कानून भी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और रिसर्च को सरकार पूरा समर्थन देगी। प्रधानमंत्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान हैं और सरकार किसानों का साथ कभी नहीं छोड़ेगी।

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के कृषि क्षेत्र में जो उल्लेखनीय प्रगति दिखाई दे रही है, उसके पीछे युवा और प्रगतिशील किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इन किसानों ने अपने नवाचार और मेहनत से प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। समारोह में कृषि के क्षेत्र में योगदान देने वाले युवा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डे, देवजीभाई पटेल एवं डॉ. दयाराम साहू, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित युवा प्रगतिशील किसान संघ के पदाधिकारी एवं किसान भाई बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सरकार की प्रमुख कृषि योजनाओं पर विशेष जोर

किसान संवाद के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने केंद्र सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना-छोटे एवं सीमांत किसानों को प्रत्यक्ष लाभांतरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना - प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की सुरक्षा, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - कृषि नवाचार एवं उत्पादन वृद्धि, डिजिटल कृषि मिशन- तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा, ड्रोन तकनीक- फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव एवं लागत में कमी, प्राकृतिक खेती एवं सूक्ष्म सिंचाई योजनाएं - सतत एवं जल-संरक्षित कृषि उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक इन योजनाओं से जुड़कर अपनी आय में वृद्धि करें।

ग्रामीण विकास योजनाओं से गांवों को मजबूत बनाने का संदेश

कृषि के साथ-साथ ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजनाओं पर भी विशेष चर्चा की, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से गांवों की बुनियादी संरचना, आजीविका और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाया है।

छग सहित देशभर में किसानों की आय बढ़ाने का संकल्प

संबोधन में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किसानों की आय बढ़ाना, कृषि को लाभकारी बनाना और गांवों को सशक्त करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि आधुनिक तकनीक, सरकारी योजनाओं और किसानों की मेहनत से कृषि क्षेत्र में नई क्रांति आएगी।

न्यूज गैलरी

रक्तदान अभियान में बीएनआई क्रिएटर्स ने जुटाए 60 यूनिट रक्त

भिलाई। बीएनआई क्रिएटर्स द्वारा सूर्या मॉल भिलाई में रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान भिलाई-दुर्ग क्रिएटर चैप्टर के अध्यक्ष जिलेश चावड़ा ने कहा कि यह रक्तदान अभियान का तीसरी बार आयोजन हुआ। जिसमें 60 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया है। उन्होने कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं बल्कि बीएनआई क्रिएटर्स के संस्कारों, एकजुटता और सेवा-भाव का सजीव उदाहरण है। पूरा चैप्टर परिवार इस नेक काम के लिए हमेशा खड़ा है।

नगर निगम मुख्यालय में बापू को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

दुर्ग। शहीद दिवस पर नगर निगम मुख्यालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महापौर अलका बाघमार सहित अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर बाघमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के विचार और शहीदों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस मौके पर ज्ञानेश्वर ताम्रकार, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, उपअभियंता अर्पणा मिश्रा, अभय मिश्रा, सत्यनारायण शर्मा, हेमलता वर्मा सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

दृष्टिहीन शतरंज खिलाड़ी भूपेंद्र की पुस्तक जीवन दर्पण लोकार्पण

भिलाई। दृष्टिहीन शतरंज खिलाड़ी व एमए अंतिम वर्ष (हिंदी) के छात्र भूपेंद्र पटेल की प्रेरणादायी जीवन यात्रा पर आधारित पुस्तक जीवन दर्पण का विमोचन भिलाई में किया गया। छत्तीसगढ़ राय रेपिड एवं ब्लिट्ज फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल जन कल्याण समिति के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी वूमेन फीडे मास्टर किरण अग्रवाल और राज्य शतरंज संघ कार्यकारी सदस्य रमेश अग्रवाल उपस्थित रहे। पुस्तक के संपादक बीजू पटनायक ने कहा कि दृष्टिहीनता जैसी गंभीर चुनौती के बावजूद भूपेंद्र ने शतरंज की बिसात के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचीं आरपीएफ महानिदेशक

रेलवे सुरक्षा को लेकर बैठक की, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के बेहतर समन्वय पर दिया जोर

दुर्ग/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की महानिदेशक सोनाली मिश्रा दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचीं। उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य और दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। दुर्ग रेलवे स्टेशन स्थित वीआईपी लाउंज में महानिदेशक मिश्रा ने अधिकारियों के साथ रेलवे सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें रेल यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, महिला और बच्चों की सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम और संगठित अपराधों पर नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद महानिदेशक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन परिसर और आरपीएफ पोस्ट दुर्ग का निरीक्षण किया।

स्टेशन परिसर और आरपीएफ पोस्ट का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्मों पर स्थापित निगरानी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, ट्रेनों में सुरक्षा प्रबंध, यात्रियों की सुविधाएं और वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों की जानकारी ली गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और यात्रियों को सुरक्षित-भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जाए।

अपराध के नए तरीकों को देखते हुए तैयारी रखने के निर्देश

महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने अधिकारियों को कहा कि बदलती परिस्थितियों और अपराध के नए तरीकों को देखते हुए आरपीएफको न केवल सशक्त बल्कि तकनीकी रूप से भी अत्याधुनिक और प्रशिक्षित होना आवश्यक है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था आरपीएफ की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए जीआरपी व स्थानीय पुलिस के साथ समन्वित और प्रभावी कार्रवाई बेहद जरूरी है।

गोंडवाना युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

दुर्ग/नवप्रदेश। केन्द्रीय गोड़ महासभा,धमधागढ़ दुर्ग की जिला महिला इकाई एवं गोंड़वाना महिला मित्र समिति द्वारा 1 फरवरी को बुढ़ादेव देवालय सिविललाइन में गोंडवाना युवक युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। अपने विवाह योग्य बच्चों के लिए रिश्ता ढूंढने में आ रही परेशानियां को देखते हुए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिचय सम्मेलन में युवक युवती को अपना जीवन साथी चुनने सामाजिक मंच मिलेगा। जिससे पालकों को अपने पुत्र व पुत्रियो के लिए रिश्ता ढूंढने में आसानी होगी,इससे समय और खर्चे की भी बचत होगी।

परिचय सम्मेलन की शुरुआत सुबह 10 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। सम्मेलन शाम 5 बजे तक चलेगा। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक युवतियों को मंच पर आकर अपना परिचय देने का अवसर मिलेगा। युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने पंजीयन करवाना अनिवार्य है। इस संबंध में केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर और प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर ने बताया कि समाज के लोगों को उन्होंने प्रत्येक मुड़ादार से अपने अपने मुड़ा से अधिक से अधिक संख्या में युवक-युवतियो की जानकारी एवं फार्म भरकर लाने की अपील की है। युवक युवती परिचय सम्मेलन में भाग लेने आयोजन समिति के महासभा के अध्यक्ष एमडी ठाकुर, प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर, भीषम नागेश ,महेश्वरी ठाकुर ,पन्नालाल नेताम,अनिता ठाकुर से संपर्क कर सकते है।

नाबालिग से गैंगरेप : 6 लोग कर रहे थे दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के महिला थाना क्षेत्र से नाबालिग पीड़िता के साथ लंबे समय तक दुष्कर्म एवं सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 जनवरी 2026 को पीड़िता अपनी माता के साथ महिला थाना पहुंची और शिकायत की। बताया कि अप्रैल 2018 से अक्टूबर 2025 के बीच, पीड़िता के नाबालिग होने की जानकारी होने के बावजूद कुल 6 आरोपियों द्वारा उसके साथ अलग-अलग समय पर दुष्कर्म एवं सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं की गईं। लंबे समय तक चले इस अपराध से पीड़िता मानसिक और शारीरिक रूप से गंभीर रूप से प्रभावित रही। प्रकरण में धारा 65(1) और 70(2) भारतीय न्याय संहिता के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 6 एवं 12 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की जांच अत्यंत संवेदनशीलता के साथ विधि अनुसार की जा रही है। विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विजय स्वाइन (उम्र 37 वर्ष), निवासी दुर्गा नगर पश्चिम भिलाई तथा अनिल चौधरी (उम्र 60 वर्ष), निवासी ज़ोन वन, खुर्शीपार शामिल हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पुलिस के अनुसार, शेष आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। मामले में विवेचना के दौरान आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं, जो फिलहाल जांचाधीन हैं।

पांच साल से टैक्स जमा नहीं करने वालों पर गिरेगी गाज

पहले नल कनेक्शन कटेगा फिर कुर्की करने नोटिस

रिसाली/नवप्रदेश। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऐसे बकायादारों की सूची तैयार कराई है जो लंबे समय से टैक्स जमा करने में कोताही बरत रहे है। बकायादारों के घर पर लगे नल कनेक्शन को पहले विच्छेद किया जाएगा। बाद में बकाया टैक्स की राशि वसूल करने कुर्की की जाएगी। संपत्तिकर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि कई लोग ऐसे है जो लंबे समय से टैक्स जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। निगम से वे सारी सुविधाएं भी ले रहे। ऐसे लोगो की संख्या पहली सूची में 19 है। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि टैक्स जमा करने धारा 173 के तहत नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन अलग करने की कार्यवाही की जाएगी। राशि जमा नहीं करने पर 174 की नोटिस देकर कुर्की कार्यवाही की जाएगी।

इन्हें दी मोहलत, थमाया नोटिस

मांगरी देवी आजाद मार्केट को 151689 रूपए जमा करने नोटिस थमाया है। इसी तरह बुनिया देवी आजाद मार्केट को 813713 व 2221740, प्रदीप मैत्री नगर को 191548, अखिलेश यादव मैत्री नगर को 130328, शमीम अहमद को 150497, नवीन सिंह को 138078, ओम प्रकाश वर्मा वैभव ट्रेडर्स को 375959, राम ध्रुव विश्वकर्मा स्टेशन मरोदा को 1648681, ओंकार कश्यप को 364332, आजाद स्कूल को 809353, नवीन सिंह मधुरिशा रेस्टोरेंट को 444939, शेख अहमद को 61211, आर्यावर्त को 827914, सविता गणवीर को 106055, आशीष देशमुख को 76499, वीणा विद्या निकेतन 249142, मोतीलाल ब्रदर्स 113956, उत्तम वर्मा को 57511 रुपए जमा करने 7 दिन को मोहलत दी गई है।

सत्संग सभागार एवं वाचनालय भवन का सांसद बघेल ने किया शिलान्यास

भिलाई/नवप्रदेश। सांसद विजय बघेल ने कोसा नगर वार्ड 05 भिलाई में सत्संग सभागार एवं वाचनालय भवन के निर्माण का शिलान्यास किया। सांसद निधि से 12 लाख की लागत से निर्मित होगा।

इस अवसर पर सांसद बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्संग सभागार और वाचनालय जैसे निर्माण समाज में सकारात्मक सोच, संस्कार और ज्ञान के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यों से आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में संत महान साहेब, आचार्य कबीर निर्णय मंदिर, नागगिरी बुरहानपुर (मध्यप्रदेश) एवं संत निकटेश्वर साहेब, कबीर निर्णय मंदिर, दीक्षित कॉलोनी कोसा नगर भिलाई, प्रमोद सिंह सांसद प्रतिनिधि नपानि भिलाई, संदीप निरंकारी पार्षद, महेश वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भिलाई, संतोष मोर्या, पोखन साहू, जयंत वर्मा भगवती प्रसाद, बनपेला, संतोष ठाकुर, पिताम्बर साहू, दिव्या रतन भसीन भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

मंत्री गजेन्द्र की पहल से बच्चों को मिला पढ़ाई का सहारा

- भारत सरकार द्वारा संचालित एकीकृत बाल संरक्षण मिशन वात्सल्य योजना का बच्चों को मिला लाभ

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के सोनी परिवार के बच्चों की पढ़ाई अब नहीं रुकेगी। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल से शासन द्वारा बच्चों को 18 वर्ष की उम्र तक उनके परवरिश और पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी।

सोनी परिवार के बच्चों के माता-पिता के निधन के बाद उनकी दादी श्रीमती सरस्वती सोनी ही बच्चों की देखभाल कर रही हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में परेशानी आ रही थी। इसी समस्या को लेकर दादी सरस्वती बच्चों के साथ शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के गंजपारा स्थित कार्यालय पहुंचीं और बच्चों की परवरिश और पढ़ाई से संबंधित अपनी बात रखी।

मंत्री गजेंद्र यादव ने इस विषय को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को उक्त योजना का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किये। सरस्वती सोनी ने बताया कि 9 वर्षीय चिराग सोनी और 13 वर्षीय आराध्या सोनी के पालन पोषण और पढ़ाई का खर्च उठाना उनके लिए कठिन हो रहा है।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुना और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तुरंत शासन को बच्चों की शिक्षा हेतु छत्तीसगढ़ शासन की मिशन वात्सल्य योजना से बच्चों को लाभ दिलाने पत्र लिखे। शासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चिराग और आराध्या दोनों को 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा सहायता देने का निर्णय लिया गया। इसके तहत दोनों बच्चों को प्रति माह 4-4 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

इस योजना की पहली किस्त दोनों बच्चों के खातों में जमा हो चुकी है। इस पहल से सोनी परिवार को राहत मिली है और बच्चों का परवरिश और शिक्षा अब बिना किसी बाधा के जारी रह सकेगी। मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल से न केवल सोनी परिवार को संबल मिला है, बल्कि प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है, कि शासन बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील एवं प्रतिबद्धता का लाभ मिल रहा है।

बच्चे जीवन की पतवार पकड़कर अपने रुचि के क्षेत्र का चयन कर आगे बढ़े: संस्था प्रबंधक एस सजीव

मैत्री विद्या निकेतन में आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रिसाली और पाटन के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए सम्मिलित रूप से आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन रिसाली में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ सजीता थंबी ने कहा कि जिन नैतिक मूल्यों को विद्यालय में सीखा अब उनको अपने साथ लेकर अपने करियर के निर्धारण और प्रगति की दिशा में जाने का वक्त है। जीवन में सफलता कठिन परिश्रम और ईमानदारी से प्राप्त होती है, गलत और संक्षिप्त मार्ग से नहीं। योजनाबद्ध तरीके से ध्यान केन्द्रित कर कुशल कार्यक्षमता, अनुभव और समझदारी से अवलोकन करना जीवन का मूलमंत्र है। संस्था के प्रबंधक एस सजीव ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नन्हें हाथों से स्कूल बैग का बोझ उठाने वाले बच्चें आज किशोरावस्था में परीक्षा के लिए तैयार हैं जैसे जहाज तूफानों के बीच अपनी दिशा निर्धारित कर लेता है वैसे ही अब आपको जीवन की पतवार पकड कर अपने रुचि के क्षेत्र का चयन करना है, आगे बढ़ना है और स्कूल का नाम रौशन करना है। संस्था के प्रबंधक एस साजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि शैक्षणिक जीवन का यह महत्वपूर्ण पड़ाव है जहां आपको गतिशीलता से आगे बढ़ना है अवसरों को जिम्मेदारी से निभाना है। आप को स्कूल में ना केवल पढ़ाते बल्कि जीवन के लिए तैयार करते हैं। योजना हमेशा सफल नहीं होती है, चुनौतियाँ भी आती हैं।

विद्यालय की उपप्राचार्या डॉ बीना सजीव और प्रधान अध्यापिका निशी साजन ने संबोधित करते कहा की आज का दिन विशेष किन्तु भावुक है। आपने जो नैतिक मूल्यों को सीखा वही आपके चरित्र बनाएंगे, जो आपके जीवन में साथ रहेंगे। एक अच्छे नागरिक बन कर विद्यालय, परिवार और देश का नाम रौशन करें। मैत्री विद्या निकेतन रिसाली के हेड बॉय ऋषभ प्रधान, और हेड गर्ल अंकिता कुर्रे और पाटन विद्यालय के हेड बाय युगांक वर्मा और हेड गर्ल साक्षी सिन्हा ने विद्यालयी जीवन के अनुभव साझा किए।

इस दौरान संस्था अध्यक्षा राजम सुधाकरन, प्रबंधक बंधु एस सजीव, एस साजन विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ सजीता थंबी मैम, विद्यालय की उपप्राचार्या डॉ बीना सजीव मैम, प्रधान अध्यापिका निशी साजन, मैत्री विद्या निकेतन पाटन की प्राचार्या अंबली सुगथा और दोनों विद्यालय परिवार उपस्थित था।

सीवरेज पाइप लाइन की सफल मरम्मत के बाद जेपी सीमेंट मार्ग पर यातायात बहाल

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत कार्यरत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) अनुभाग तथा वर्कशॉप की संयुक्त टीम ने भिलाई टाउनशिप में नागरिक सुविधाओं को सुचारू बनाए रखने की दिशा में प्रयास करते हुए 30 एमएलडी सीवरेज पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। मरम्मत उपरांत जेपी सीमेंट को जाने वाली सड़क को पुनः यातायात के लिए खोल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-4 स्थित सड़क क्रमांक-29 के समीप क्रॉस रोड क्रमांक-3 के नीचे से से गुजरने वाली 30 एमएलडी क्षमता की सीवरेज पाइपलाइन में अचानक रिसाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसके परिणामस्वरूप सड़क की सतह प्रभावित हुई तथा यातायात संचालन में बाधा आई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा सड़क के एक हिस्से को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। स्थिति की गंभीरता के दृष्टिगत संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) अनुभाग, सेक्टर-6 तथा वर्कशॉप की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ किया गया। निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन का एक हिस्सा अत्यधिक क्षतिग्रस्त पाया गया, जिसके फलस्वरूप लगभग 12 मीटर लंबी पुरानी पाइपलाइन को हटाकर नई पाइपलाइन स्थापित की गई। मरम्मत के दौरान बदली गई पाइपलाइन के दोनों सिरों पर उच्च गुणवत्ता के दो नए क्लैम्प लगाए गए हैं, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के रिसाव की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। रविवार को पाइपलाइन को सफलतापूर्वक चार्ज किए जाने के उपरांत 30 एमएलडी फिल्टर हाउस तक सीवरेज जल का प्रवाह सामान्य हो गया। टाउनशिप की संपूर्ण सीवरेज प्रणाली पुनः सामान्य रूप से प्रारंभ हो गया है।

Love is in the Air : रोज़ डे के साथ होगी वैलेंटाइन वीक की शुरुआत

महकती मोहब्बत की शुरुआत : एक गुलाब, हज़ार एहसास

कहते हैं कि दुनिया की सबसे खूबसूरत भाषा वो है जो बिना बोले ही सब कुछ कह दे। इसी अनकही भाषा का सबसे बड़ा उत्सव है— वैलेंटाइन वीक। गुलाब का हर रंग अपनी एक अलग कहानी कहता है। जहाँ लाल गुलाब गहरे और अटूट प्रेम का प्रतीक है, वहीं पीला गुलाब दोस्ती की गर्माहट समेटे होता है। गुलाबी गुलाब प्रशंसा और कृतज्ञता जताने का तरीका है, तो सफेद गुलाब नई शुरुआत और पवित्रता का संदेश देता है। 'रोज़ डे' हमें मौका देता है कि हम अपने दिल के करीब रहने वाले इंसान को यह बता सकें कि उनकी मौजूदगी हमारे जीवन में कितनी मायने रखती है। एक छोटा सा गुलाब का फूल उन दूरियों को मिटाने की ताकत रखता है जिन्हें शब्द नहीं भर पाते।

भक्त, कवि, साधक व संत रविदास

भारतीय संस्कृति में भगवान राम और कृष्ण की जयंती राम नवमी तथा कृष्ण अष्ट्मी के रूप में धूमधाम से मनाने की पावन परंपरा प्राचीन काल से चलती आ रही है। जन-जन को ईष्वरीय अनुकंपा का लाभ प्रदान करने के लिए हमारे ऋषियों की संस्कार प्रक्रिया के अंतगर्त उच्चस्तरीय सृजनात्मक कल्याणकारी यह खोज विधा के रूप में रही है। संत एवं भक्त कवि रविदास हिन्दी साहित्य के इतिहास में मध्यकाल, भक्तिकाल के नाम से प्रख्यात है, इस काल में अनेक संत एवं भक्त-कवि हुए, जिन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त अनेक कुरूतियों को समाप्त करने का प्रयास किया, इन महान संतों, कवियों की श्रेणी में संत रैदास का प्रमुख स्थान रहा है। संत रैदास कबीर के समसामयिक थे, संत कवि रविदास का जन्म वाराणसी के पास एक गॉव में सन 1398 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। रविवार के दिन जन्म होने के कारण इनका नाम रविदास रखा गया, रविदास जी को रामानन्द का शिष्य माना जाता है। इस वर्ष 2026 में रविदास जयंती 1 फरवरी रविवार के दिन है। कुछ विद्वान काषी में जन्मे रैदास का समय 1482-1527 ई. के बीच मानते हैं तो कुछ के अनुसार रैदास का जन्म काषी में 1398 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ माना जाता है। संत कवि रविदास जी का जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। इनके पिता का नाम 'रघु' और माता का नाम 'घुरविनिया' था। चर्मकार का काम उनका पैतृक व्यवसाय था और उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार किया। अपने कार्य को यह बहुत लगन और मेहनत से किया करते थे। उनकी समयानुपालन की प्रवृति तथा मधुर व्यवहार के कारण लोग इनसे बहुत प्रसन्न रहते थे। उन्होंने जाति, वर्ग



एवं धर्म के मध्य की दूरियों को मिटाने और उन्हें कम करने का भरसक प्रयत्न किया। रविदास जी भक्त, साधक और कवि थे। उनके पदों में प्रभु भक्ति भावना, ध्यान-साधना तथा आत्म-निवेदन की भावना प्रमुख रूप में देखी जा सकती है। रैदास जी ने भक्ति के मार्ग को अपनाया था। सत्संग द्वारा इन्होंने अपने विचारों को जनता के मध्य पहुंचाया तथा अपने ज्ञान तथा उच्च विचारों से समाज को लाभान्वित किया। प्रभुजी तुम चंदन हम पानी। जाकी अंग अंग वास समानी।। प्रभुजी तुम धनबन हम मोरा। जैसे चितवत चन्द्र चकोरा।। प्रभुजी तुम दीपक हम बाती। जाकी जोति बरै दिन राती।। प्रभुजी तुम मोती हम धागा। जैसे सोनहि मिलत सुहागा।। प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा। ऐसी भक्ति करै रैदासा।। उपर्युक्त पद में रविदास ने अपनी कल्पनाषीलता, आध्यात्मिक षक्ति तथा अपने चिंतन को सहज एवं सरल भाषा में व्यक्त करते हैं। संत रैदास के सहज-सरल भाषा में कहे गये इन उच्च भावों को समझना आमजन के लिए बहुत आसान रहा है। उनके जीवन की

मुकेष ऋषि

घटनाओं से उनके गुणों का ज्ञान होता है। एक घटना के अनुसार गंगा स्नान के लिए रैदास के षिष्यों में से उनसे भी चलने का आग्रह किया तो वे बोले-गंगा स्नान के लिए मैं अवष्य जाता, परंतु मैंने किसी को आज ही जूते बनाकर देने का वचन दिया है और अगर मैं जूते नहीं दे सका तो वचन भंग होता है। अतः मन सही है तो कठौती के जल में ही गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त हो सकता है। कहा जाता है कि इस प्रकार के व्यवहार के बाद से ही कहावत प्रचलित हो गयी कि-मन चंगा तो कठौती में गंगा। रविदास जी की भक्ति गीतों एवं दोहों में भारतीय समाज में समरसता एवं प्रेम-भाव उत्पन्न करने का प्रयास किया है। हिन्दू और मुसलिम में सौहार्द एवं सहिष्णुता उत्पन्न करने हेतु रविदास जी ने अथक प्रयास किए थे और इस तथ्य का प्रमाण उनके गीतों में देखा जा सकता है। वह कहते हैं कि तीर्थ यात्राएं न भी करो तो भी ईष्वर को अपने हृदय में वह पा सकते हैं। का मुथरा का द्वारिका का काषी हरिद्वार। रैदास खोजा दिल आपना तह मिलिया दिलदार।। मन चंगा तो कठौती में गंगा कहते हुए उन्होंने मन की षुद्धता पर विषेष रूप से जोर दिया। रविदास राम और कृष्ण भक्त परम्परा के कवि और संत माने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध दोहे आज भी समाज में प्रचलित हैं। जिन पर कई भजन बने हैं, संत रविदास जयंती देष भर में उत्साह एवं धूम-धाम के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर षोभा यात्रा निकाली जाती है तथा षोभायात्रा में बैंड-बाजों के साथ भव्य झांकियां भी देखने को मिलती हैं। इसके अतिरिक्त रविदास जी के महत्व एवं उनके विचारों पर गोष्ठी और सतसंग का आयोजन भी होता है। सभी लोग रविदास जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

व्यंग्य रचना : चाहिए एक पार्टी प्रवक्ता

डॉ किशोर अग्रवाल

बरसों राजनीति में जूते घिसते घिसते नेता छदामी लाल को जब किसी भी पार्टी ने घास नहीं डाली तो उन्होंने खुद की एक पार्टी बना डाली। पार्टी का नाम रखा कुशासन उखाड़ू पार्टी जो "कूपा" के नाम से चल निकली । छदामी वर्षों से जनता में सक्रिय थे लोग उन्हें ही जानते थे । उत्साह वर्धन के कारण छदामी को लगा कि वह प्रांतीय स्तर की जरूरी चीज हो गए हैं । दो-तीन बार स्थानीय टीवी चैनल वालों ने उनके और उनकी पार्टी के उद्देश्यों पर बाइट्स ले लिए तो किसी ने सुझाया कि पार्टी प्रमुख होने के नाते आपका सीधे बोलना सस्ता लगता है, रैपर लगा हुआ माल महंगा बिकता है, अच्छा हो कि आपके विचार कोई और कहे। तब उन्हें पार्टी प्रवक्ता की जरूरत महसूस हुई । ग्राउंड जीरो से जुड़े किसी योग्य व्यक्ति की तलाश में उन्होंने अनेक पार्टी प्रवक्ताओं के प्रसारण, उनके डिबेट और मंच पर जिरह सुनकर एक प्रवक्ता चुनने की जिम्मेदारी अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को दी ।

अनेक पार्टियों से जुतियाए गए ,खुद के लालच में पार्टी छोड़कर आए हुए , या कहीं भी धेले भर के भी काम से नाकारा और निकम्मे लोगों का जमावड़ा था कूपा में । पार्टी प्रवक्ता में किस तरह की योग्यता हो , जिससे पार्टी का प्रचार प्रसार हो और धाक जमे इस विषय में अनेक सुझाव इन निकम्मों की तरफसे प्राप्त हुए । इन सुझावों के आधार पर पार्टी प्रवक्ता की कसौटी तय की गई ।

पहला: किसी भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत करने में माहिर हो और झूठ पकड़ा भी जाए तो बेशर्मी से अपनी बात पर डांटे रहने का माद्दा रखता हो।

दूसरा: बिना जाने बूझे किसी भी विषय पर कुछ भी बोल लेने की क्षमता हो ।

तीसरा: मौका पाने पर कुत्ते सा भौंक सकता हो और उल्टी स्थिति पड़ने पर मिमियाना जानता हो ।

चौथा : शक्ल ऐसी बना कर रखें कि अन्य पार्टी के लोग अपनी बात कहने के पहले उसकी शक्ल देखकर लड़खड़ा जावें और मुद्दे की बात से भटक जावें।

पांचवां : खुद को बोलने के लिए मिले समय से अधिक बोलता हो और माइक बंद कर दिए जाने पर भी बोलता हुआ दिखे ताकि मैसेज जाए की एंकर ने जानबूझकर बोलने नहीं दिया ।

छटवां: दूसरे लोग अपनी बात के समर्थन में या कूपा के कार्यकलापों के विरुद्ध कितनी भी सटीकता व तर्क से अपनी बात रखें , उस बात का कोई नोटिस ना ले और अपने कुतर्क दृढ़ता से कहने का अच्छा अभ्यास हो।

सातवां : पार्टी अध्यक्ष या पार्टी कार्यकर्ता किसी मंच पर कोई उल्टी सीधी बात हांक आएं तो उनकी बातों को न्यायोचित ठहरा पाने की योग्यता रखता हो ।

आठवां : दूसरी पार्टियों में नाराज लतियाए, जुतियाए गए सदस्यों को तोड़ने , उनसे चंदा वसूल लेने, उनकी अंतरात्मा की आवाज की दुहाई देकर समय-समय पर उन्हें अपनी पार्टी में निरंतर जोड़ता रहे और उन्हें अध्यक्ष की अच्छाइयों व पार्टी की महानता के भ्रम में लपेटता रहे।

नौवां: अवसर मिलने पर भी पार्टी का प्रवक्ता रहने के दरमियान नियत दुरुस्त रखें और नाड़े का कच्चा ना हो ।

दसवां : पार्टी व पार्टी के सदस्यों के प्रति निष्ठावान रहे, जरूरत पड़ने पर दूसरी पार्टियों से पंगा लेने , बवाल करने और करवाने में अग्रणी रहे।

एक कथित राष्ट्रवादी पार्टी का ढोंग ऊंचाइयों पर पहुंचाने के अपने विनम्र प्रयास में शहर थाने का घेराव करने व थानेदार का कॉलर पकड़ने के अपराध में जमानत पर छूटे एक ऐसा कार्यकर्ता जिसकी जेल में उसकी अपनी पार्टी ने कोई खोज खबर न ली थी वह इस काम के माकुल पाया गया और पार्टी प्रवक्ता के पद पर चुन लिया गया।

फोडमैप डाइट : पेट की उलझनों से मुक्ति का वैज्ञानिक पोषण सूत्र

भूमिका

आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी, बदलती खान-पान की आदतें, तनाव, अनियमित दिनचर्या और जंक फूड के बढ़ते चलन ने पेट से जुड़ी समस्याओं को आम बना दिया है। गैस, अपच, पेट फूलना, कब्ज़, दस्त, एसिडिटी और बार-बार पेट दर्द जैसी समस्याएँ अब केवल बुज़ुर्गों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि युवा, कामकाजी महिलाएँ और यहाँ तक कि बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे हैं।

- डॉ. सीमा कालरा

विशेष रूप से Irritable Bowel Syndrome (IBS) से पीड़ित लोगों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। ऐसे में आधुनिक पोषण विज्ञान ने एक प्रभावी आहार पद्धति विकसित की है जिसे FODMAP डाइट कहा जाता है। यह डाइट पाचन तंत्र को आराम देने, आंतों की संवेदनशीलता कम करने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में सहायक मानी जाती है।

FODMAP क्या है?

FODMAP एक संक्षिप्त शब्द है, जो कुछ विशेष प्रकार के कार्बोहाइड्रेट्स को दर्शाता है।

FODMAP का पूरा नाम है:

F - Fermentable (किण्वनीय)
O - Oligosaccharides
D - Disaccharides
M - Monosaccharides
A - And
P - Polyols

ये सभी ऐसे शॉर्ट-चेन कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं जो छोटी आंत में ठीक से पच नहीं पाते और बड़ी आंत तक पहुँच जाते हैं, जहाँ ये बैक्टीरिया द्वारा किण्वित (Ferment) होते हैं। इस प्रक्रिया में गैस बनती है और पानी आंतों में खिंच जाता है, जिससे पेट से जुड़ी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

ये च्युइंग गम, शुगर-फ्री मिठाइयों और कुछ फलों में पाए जाते हैं।

फोडमैप डाइट क्यों आवश्यक है?

जब ये कार्बोहाइड्रेट्स पच नहीं पाते, तो:

आंतों में अत्यधिक गैस बनती है
पेट फूलता है
दर्द और ऐंठन होती है
दस्त या कब्ज़ हो सकता है

IBS, IBD, फंक्शनल अपच और संवेदनशील आंत सिंड्रोम में FODMAP डाइट विशेष रूप से लाभकारी पाई गई है।

? FODMAP डाइट के चरण (Phases)

1. Elimination Phase (निष्कासन चरण)

इस चरण में 4-6 सप्ताह तक सभी High-FODMAP खाद्य पदार्थों को पूरी तरह हटा दिया जाता है।

उद्देश्य यह देखना होता है कि लक्षणों में कितनी राहत मिलती है।

2. Reintroduction Phase (पुनः परीक्षण चरण)

इस चरण में एक-एक करके अलग-अलग FODMAP समूहों को थोड़ी मात्रा में दोबारा शामिल किया जाता है, ताकि यह पहचाना जा सके कि कौन-सा तत्व समस्या पैदा कर रहा है

3.इस अंतिम चरण में व्यक्ति के लिए एक ऐसा संतुलित आहार तैयार किया जाता है, जिसमें केवल वही खाद्य पदार्थ हटाए जाते हैं जो वास्तव में समस्या पैदा करते हैं।

FODMAP के घटकों का विस्तृत विवरण

1. Oligosaccharides

इनमें मुख्य रूप से Fructans और Galacto-oligosaccharides (GOS) शामिल होते हैं।

ये गेहूँ, प्याज़, लहसुन, चना, राजमा, सोयाबीन आदि में पाए जाते हैं।

मानव शरीर में इन्हें पचाने के लिए आवश्यक एंज़ाइम नहीं होते।

2. Disaccharides

इस श्रेणी में मुख्य रूप से Lactose आता है।

दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम आदि में पाया जाने वाला लैक्टोज कई लोगों में असहिष्णुता (Lactose Intolerance) पैदा करता है।

3. Monosaccharides

यहाँ बात होती है Fructose की, विशेषकर तब जब यह ग्लूकोज़ की तुलना में अधिक मात्रा में हो।

सेब, नाशपाती, आम, शहद, हाई-फ्रक्टोज कॉर्न सिरप इसके उदाहरण हैं।

4. Polyols

इन्हें Sugar Alcohols भी कहा जाता है, जैसे - Sorbitol, Mannitol।

'प्रत्येक नगरिको में हो देशप्रेम की भावना

देश हमें एकता की भावना में जोडक़र रखता है। हम किसी भी राज्य में रहे। हम किसी भी धर्म समुदाय, समाज, वर्ग, वर्ण या जाति के क्यों न हो। पर हमें अपने देशभक्ति की भक्ति की भावना को हदय से लगा कर रखना चाहिए। देश हमें किसी से भेदभाव जात-पात, ऊंच-नीच एवं किसी भी प्रकार की असमानता का शिक्षा नहीं देता। बल्कि हमें एकता के सूत्र की भावनाओं में बांधकर रखता है। इसलिए हमें अपने देशप्रेम की भावना को हमेशा सहजकर रखना चाहिए। जय हिन्द, जय भारत।

पवन यादव

बजट की बिरयानी पक रही है... खुशबू तो जबरदस्त है, देखते हैं जनता की प्लेट में कितनी बोटी आती है और कितना शोरबा! #Budget2026 #CommonMan

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपके व्यक्तित्व में निखार रहेगा लेकिन स्वभाव का जिद्दीपन अन्य लोगों विशेषकर परिजनों के लिये भारी पड़ेगा। जाने अनजाने में कोई अनैतिक कर्म करेंगे जिसे बाद में परिजनों को भुगतनाा पड़ेगा जिससे घर का शांत माहौल भी खराब होगा।

वृषः आज आप बीते कल की तुलना में कुछ संतोषि रहेंगे लेकिन महिलाा वर्ग इसके विपरीत अन्य लोगो से स्वयं एवं परिवार की तुलना करने पर कुछ समय के लिये उदास रहेंगी। दिन के पूर्वार्ध से मध्यान तक घरेलू कार्यो की व्यस्तता के चलते अन्य कार्यो में फेरबदल करनी पड़ेगी।

मिथुनः आज के दिन आपका व्यवहार ढुलमुल रहेगा मध्यान तक आप प्रत्येक कार्य मे आलस्य दिखाएंगे लेकिन बेमन से घरेलू कार्य करने ही पड़ेंगे।

कर्कः आज आप जिस भी कार्य को करना आरंभ करेंगे या करने का विचार करेंगे उसमे कोई ना कोई बिना मांगे अपनी राय देगा जिससे कुछ समय के लिये दुविधा में पड़ेंगे।

सिंहः आज के दिन आपको बैठे बिठाये आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी चाहे किसी भी रूप में हो। दिन का पहला भाग धीमी दिनचर्या के कारण खराब होगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिये आरामदायक रहेगा लेकिन आज बेतुकी बयानबाजी से बचना होगा अन्यथा बैठे बिठाये अपमानित हो सकते है। दिन का आरंभ में सुस्ती रहेगी लेकिन घर मे आवश्यक कार्य होने के कारण बेमन से काम करना पड़ेगा।

तुलाः आज का दिन कुछ कार्यो को छोड़ व्यर्थ की भागदौड़ में बीतेगा घरेलू कार्यो को लेकर किसी से बहस होकर दिन का आरंभ होगा।

वृश्चिकः आज आप किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे दिन के आरंभ से ही आलस्य और सुस्ती बनी रहेगी मध्यान बाद किसी आवश्यक कार्य को लेकर पिता अथवा घर के अन्य सदस्य से कहासुनी हो सकती है।

धनुः आज परिस्थिति में थोड़ा सुधार अनुभव करेंगे लेकिन कामना पूर्ति में आज भी कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी।

मकरः आज के दिन आप कोई नापसंद कार्य करने पर गुस्से में रहेंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण भी मिलते रहेंगे।

कुंभः आज के दिन परिजनों का व्यवहार आपके स्वभाव पर निर्भर रहेगा इसलिये सनकी मिजाज त्याग मिलनसार बने अन्यथा आज सुख चैन से नही बैठ पाएंगे।

मीनः आज के दिन भी आप अपने ही स्वभाव के कारण घर मे अशांति का कारण बनेंगे। घर मे स्त्री वर्ग से सावधान रहें आपकी छोटी-छोटी बातों को भी बक्सने वाली नही।

QUIZ TIME

1) राष्ट्रीय मतदाता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

2) 40वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का फोकस देश हाल ही में किसे चुना गया है?

3) ग्रंथ कुटीर का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया है?

4) 16वीं शताब्दी की रेशमी वस्त्र कृति वृंदावनी वस्त्र मुख्य रूप से किस देवता की बाल लीलाओं और दिव्य कथाओं को दर्शाता है?

5) हाल ही में कौन सा भारतीय एनजीओ रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाला पहला भारतीय संगठन बना है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 25 जनवरी (2) अर्जेंटीना (3) द्रौपदी मुर्मू (4) भगवान कृष्ण (5) फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (एजुकेट गर्ल्स)

न्यूज गैलरी

ग्राम सिंगारपुर एवं भाटापारा में सरस्वती साइकिल वितरण, वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह गरिमामय रूप से संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम सिंगारपुर स्थित शासकीय बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह एवं सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जनसमूह का मन मोह लिया। इस दौरान सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 83 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा तथा विद्यालय आने-जाने में उन्हें सुविधा प्राप्त होगी।वही रामसागर पारा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 75 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास की झलक दिखाई दी। इन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शासन की योजनाएँ विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर जिलापंचायत सभापति राजा जायसवाल सरपंच कनक मनहरे उपसरपंच दिनेश साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष संतोष साहू पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र साहू शिव यदु इतवारी जांगड़े गौरीशंकर संतोष ध्रुव फलित रामनारायण यदु सोनू साहू एवं पार्षद नरेंद्र यदु पूर्व पार्षद व्यास नारायण यदु इत्यादि उपस्थित रहे ।

कुष्ठ के प्रति भेदभाव मिटाने लिया गया शपथ

महासमुंद/नवप्रदेश। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिलेभर में कुष्ठ रोग के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय सह मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों व उपस्थित नागरिकों को कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों के साथ समानता, सम्मान व गरिमापूर्ण व्यवहार बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। जिले में 13 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित जाएगा। जिला चिकित्सालय महासमुंद में इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने अधिकारी- कर्मचारियों को शपथ दिलाई

जनपद सदस्य प्रकाश ने अमन और प्रखर की नियुक्त पर जताया हर्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा, महासमुंद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमन वर्मा से भाजपा कार्यालय, महासमुंद में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्रकाश सिन्हा ने अमन वर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभेच्छाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल, सफल एवं यशस्वी कार्यकाल की कामना की। श्री सिन्हा ने भाजयुमो के नवनियुक्त जिला महामंत्री भाई प्रखर अग्रवाल को दूरभाष से बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति संगठन के प्रति उनके समर्पण, निरंतर परिश्रम एवं युवा नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। कार्यकर्ताओं ने इसे युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में संगठन का सराहनीय निर्णय बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत बसना के उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा एवं भाजपा नेता विजय पटेल उपस्थित रहे।

अस्पृश्यता निवारण के लिए लगा सद्भावना शिविर

महासमुंद/नवप्रदेश। घोड़ारी में सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शासकीय अनुसूचित जाति बालक आश्रम में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन 30 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम में मंच से वक्ताओं ने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने महात्मा गांधी और संत रविदास के विचारों का स्मरण करते हुए सामाजिक समानता, भाईचारे और मानवता के मूल्यों पर प्रकाश डाला। शिविर के दौरान आश्रम की छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया।

कर्णेश्वर मेला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

माता कर्मा व हनुमान मन्दिर में मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा

फोटो - 37.43.40

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेश्वर धाम में मेला महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार से हो गया है प्रथम दिवस भक्त माता कर्मा व हनुमानजी मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कलश यात्रा व गंगा पूजन से हुई।आचार्य पवन मिश्रा, उपाचार्य गंगेश तिवारी गंडई, प्रवीण मिश्रा रायपुर ,राकेश चौबे पदमपुर के मुखारविन्द से प्रथम दिवस के प्रातः कालीन बेला में पंचाग पूजन,वेदी पूजन उपरांत भव्य कलश यात्रा निकली जो महानदी व बालका नदी से जल लेकर कर्णेश्वर धाम पहुची। सान्ध्य कालीन बेला में माता कर्मा व हनुमानजी की मूर्ति का अन्नाधिवास हुआ। दूसरे दिन दोनों मन्दिर में कलश स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूर्णाहुति हुआ।मन्दिर व मण्डप का निर्माण जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने अपने परिजन की स्मृति में किया है वही भक्त माता कर्मा की मूर्ति गिरधारी साहू साकरा तथा हनुमानजी की मूर्ति पण्डित नारायण प्रसाद की स्मृति में लक्ष्मन प्रसाद पाण्डेय परिवार नगरी द्वारा दी गई है। शनिवार सान्ध्य कालीन बेला में चित्रोत्पला महानदी व कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ।परम्परानुसार खम्भेस्वरी में ध्वजा लगाया गया।

भारतमाला परियोजना से क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत को लेकर सरपंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड की अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत करैहा से गट्यादिल्ली पहुँच मार्ग की जर्जर हालत को लेकर ग्राम पंचायत करैहा के सरपंच राधेश्याम नेताम के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभाग नगरी को ज्ञापन सौंपा गया।उल्लेखनीय है कि करैहाङ्कआमदीङ्कचिवरी मार्ग से होकर भारत माला परियोजना अंतर्गत सरगी से बासनवाही तक 6 लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान भारी वाहनों के अत्यधिक आवागमन से करैहा से गट्यादिल्ली पहुँच मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग की कुल लंबाई लगभग 7 किलोमीटर है, जिसमें से करैहा से कुम्हड़ीकोट तक केवल लगभग 4 किलोमीटर हिस्से की ही मरम्मत की गई है, जबकि शेष लगभग 3 किलोमीटर मार्ग अब भी अत्यंत खराब स्थिति में है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा संबंधित निर्माण कंपनी को कई बार सड़क मरम्मत हेतु अवगत कराया गया, लेकिन कंपनी की ओर से केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

सिरपुर महोत्सव में विभागीय स्टॉल एवं प्रदर्शनी से दिखेगी विकास की झलक

महासमुंद/नवप्रदेश। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में 1 से 3 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले सिरपुर महोत्सव के अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल एवं आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को शासन की योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।महोत्सव स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जिला पंचायत (एनआरएलएम), कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सिरपुर क्षेत्र विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर सिरपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से सिरपुर के ऐतिहासिक स्थलों की झलकियों का प्रदर्शन एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन एलईडी एवं कला जत्था के माध्यम से किया जाएगा।प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीण विकास, कृषि नवाचार, महिला सशक्तिकरण, पोषण अभियान, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा योजनाएं, जनजातीय विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जल प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी आकर्षक ढंग से प्रदर्शित की जाएगी। इसके साथ ही विभागों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की भी झलक देखने को मिलेगी।

सिरपुर महोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसमें चित्रकला के माध्यम से सिरपुर की ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, परंपरा एवं प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाया जाएगा। यह प्रदर्शनी पर्यटकों एवं आम नागरिकों को सिरपुर की गौरवशाली विरासत से रूबरू कराएगी।

जल शुद्धिकरण के मॉडल को मिला प्रथम स्थान

धमधा/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चीचा ब्लॉक धमधा जिला दुर्ग को सर्वश्रेष्ठ विज्ञान मॉडल का पुरस्कार प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतियोगिता का आयोजन श्री शंकराचार्य विद्यालय हुड़को भिलाई नगर जिला दुर्ग में 28 जनवरी को किया गया जिसमें दुर्ग जिले के सभी विद्यालयों ने विज्ञान ,गणित एवं कला विषयों से संबंधित मॉडल की प्रदर्शनी की जिसके मुख्य निर्णायक आईआईटी पटना एवं आईआईटी भिलाई के प्रोफेसरों द्वारा विद्यार्थियों से मॉडल संबंधित प्रश्न एवं मॉडल की जांच की गई।

गांजा तस्कर को कोर्ट ने सुनाई 12 साल की सजा,1 लाख रुपए अर्थदंड

महासमुंद/नवप्रदेश। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) संघपुष्पा भतपहरी ने वार्ड नंबर 6 बसना निवासी विजयपाल घसिया (38) को गांजा तस्करी के अपराध के लिए 12 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास भी उसे भुगतना होगा। अभियोजन के मुताबिक दिनांक 9 मार्च 2024 को उपनिरीक्षक पिथौरा थाना रविंद्र ध्रुव ने स्टॉफके साथ कसहीबाहरा मोड़ के समीप नेशनल हाईवे 53 पर गांजा पकड़ा था। पुलिस टीम ने कार क्रमांक सीजी 04 एचए 6707 को रोककर पूछताछ की। कार चालक ने अपना नाम विजय लाल घसिया बताया। कार की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की सिल्ली के 96 पैकेट मिले। इसमें गांजा भरा हुआ था। इनका कुल वजन 96 किलो था। पुलिस ने गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे जेल भेजा था । विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 29 जनवरी को सजा सुनाते हुए अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को कारावास की सजा में समायोजित करने का आदेश दिया।

जीएनए कॉलेज में वैज्ञानिक मॉडल का हुआ प्रस्तुतीकरण

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावहारिक एवं शोधाभिमुख विकास के उद्देश्य से वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुतीकरण किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक एवं प्रस्तुतीकरण आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध क्षमता एवं नेतृत्व गुणों के विकास में सहायक होते हैं तथा उन्हें भविष्य की शैक्षणिक एवं प्रतियोगी चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का सफल आयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर सहभागिता की। अपने वक्तव्य में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि स्नातक स्तर पर इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को शोध, नवाचार एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करती हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखती हैं।विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल वनस्पति विज्ञान के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित थे, जिनके माध्यम से पौधों की संरचना, कार्यप्रणाली, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को सरल, वैज्ञानिक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

चौबेबांधा से सिंधौरी तक बनेगी चौड़ी सड़क, विधायक रोहित साहू की पहल पर 4.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास का कारवां लगातार बढ़ रहा है। लंबे समय बाद राजिम विधानसभा क्षेत्र में ऐसा विधायक निर्वाचित हुए हैं जो लगातार विधानसभा क्षेत्र को नई सौगात देते जा रहे हैं। इसी क्रम में विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी सजगता के चलते क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। चौबेबांधा से सिंधौरी तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य के लिए शासन द्वारा 4 करोड़ 64 लाख 89 हजार रुपए की महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा और बढ़ते यातायात दबाव के कारण कोपरा, पाण्डुका, गरियाबंद तरफ से राजिम के नवीन मेला स्थल तक पहुंचने की राह भी आसान हो जाएगी। उस तरफ से मेला मैदान आने वाले लोगों को नेशनल हाईवे 130 सी सिंधौरी से ही सीधे चौबेबांधा मेला मैदान पहुंचने में सुविधा मिलेगी साथ ही इसका लाभ स्थानीय ग्रामीणों को भी होगा। राजिम कुंभ (कल्प) और स्थानीय मेलों के दौरान राजिम शहर की ओर से आने वाले मार्ग पर अत्यधिक दबाव रहता है। इस नई और चौड़ी सड़क के बन जाने से दबाव में कमी होगी राजिम की ओर से आने वाले यातायात का बोझ कम होगा। कोपरा, पाण्डुका, गरियाबंद की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नवीन मेला मैदान पहुंचने के लिए एक सुगम और अतिरिक्त रास्ता मिलेगा। मेला मैदान आने वाले लोगों को अब संकरी सड़कों और जाम की स्थिति से जूझना नहीं पड़ेगा।

विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में बदल रही तस्वीर

क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देते हुए विधायक रोहित साहू लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क साधकर बजट स्वीकृत करा रहे हैं। चौबेबांधा - सिंधौरी मार्ग का चौड़ीकरण उनके विजन का हिस्सा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यटन दोनों को मजबूती मिलेगी। इस स्वीकृति पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधा ही मेरी प्राथमिकता है। चौबेबांधा से सिंधौरी मार्ग के चौड़ीकरण से गरियाबंद और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और मेला आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी।

विधायक योगेश्वर ने लिया सिरपुर महोत्सव की अंतिम तैयारियों का जायजा

महासमुंद/नवप्रदेश। सिरपुर महोत्सव की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक टीम पूरी तरह सजग है। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आज शाम महोत्सव स्थल का दौरा कर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया और सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मंच, दर्शक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सिरपुर महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि जिला की विशिष्ट पहचान और गौरव से जुड़ा उत्सव है। विधायक श्री सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान आने वाले कलाकारों, पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और प्रशासनिक समन्वय से यह आयोजन और भी भव्य व यादगार बनेगा।इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, साडा के सीईओ धम्मशील गणवीर, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय सहित प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग, आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पंचायत सरसीवां जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0)

Email ID - nagarpanchayatsarsiwa@gmail.com

क्रमांक/779/न.प./ लो.नि.शा./ 2025-26 सरसीवां, दिनांक 30/01/2026

-:: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से छ.ग. लो.नि.वि. द्वारा बिल्डींग एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 को जारी एवं निविदा दिनांक तक संसोधित के आधार पर निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहर बंद निविदा प्रपत्र "अ" में (कम/बराबर /अधिक) प्रतिशत के आधार पर निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत पावती युक्त डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आंमत्रित की जाती हैं-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी एवं समय - 13.02.2026 समय दोपहर 3.00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय - 13.02.2026 समय सायं 5.00 बजे
3. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय - 20.02.2026 समय दोपहर 2.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि एवं समय - 20.02.2026 समय 3.00 बजे

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाखो में)	अमानत राशि	निविदा प्रापत्र का मूल्य
1	वार्ड क्र. 04 रंग मंच निर्माण कार्य नगर पंचायत सरसीवां	5.00	5000/-	750/-

टीपः- 1. अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार किया जायेगा। 2. कार्य अनुरूप पृथक-पृथक एफ.डी.आर. जमा कराना अनिवार्य होगा। 3. निविदा की विवरण/विस्तृत शर्ते/निविदा विज्ञप्ती/निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेब साइट www.cg.uad.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरसीवां
जिला-सारंगढ़--बिलाईगढ़ (छ.ग.)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, (E/M) DIVISION PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT DHARAMPURA NO.-1, JAGDALPUR (CHHATTISGARH)

NIT No. 08/TS/EE/E&M Dn./PHED/2025-26/Jagdalpur, Date 29.01.2026

NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tender are invited on behalf of the Governor of Chhattisgarh in Form "C" for the supply of following materials from the manufacturers or their Authorized Dealer.

Sr. No.	Description	Quantity in nos	Probable amount of contract (Rs. in Lacs)
01)	Supply of 15 Feet Long drill rods Having OD 114.3 mm and wall thickness (minimum 8.5mm) Made out of Grade 155 seamless pipe, flush hole dia should be 42 mm adopter 2.3/8" 4" TPI API thread made out of E-19 steel having each Drill rod approximate weight 120kg. (±) 2%	35 nos	9.912

01) Earnest Money in Rs. - 30,000.00
02) Cost of Tender Document in Rs. - 750.00
03) Period of Completion - 30 days from the date of issued work order.

1	Last Date of Receipt of Application to issue Tender Document	16.02.2026 upto 05:30PM
2	Last Date of Sale of Tender Documents	16.02.2026 upto 05:30PM
3	Last Date of Receipt of Tender Documents	18.02.2026 03:00PM
4	Date of Opening of Tender	18.02.2026 04:00PM

Terms & Conditions :-

01) Please published in state/local newspaper.
02) This short NIT will be part of agreement.
03) This short NIT, also available in the P.H.E. Department website/Notice Board.

G- 252606364/3

Executive Engineer
(E&M) Division
Public Health Engineering Department
Jagdalpur (Chhattisgarh)

नाम-परिवर्तन

में डी. रमना मूर्ति पिता डी. कृष्णा मूर्ति, उम्र 52 वर्ष, निवासी चन्दन पारा, लेबर कैम्प, वार्ड नं. 13, जामुल ए.सी.सी. तहसील भिलाई-3, जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे नाम से पूर्व में मेरा वास्तविक नाम डी. रमना मूर्ति पिता डी. कृष्णा मूर्ति (D. RAMNA MURTI S/O D. KRISHNA MURTI) चन्दन पारा, लेबर केम्प, वार्ड नं. 13. जामुल ए.सी.सी. के नाम से जारी था। जिसका आधार नं. 9625 8705 8062 है। यह कि मेरे सभी अन्य दस्तावेज पेन कार्ड, पोटर आई.डी. में मेरा वास्तविक नाम डी. रमना मूर्ति पिता डी. कृष्णा मूर्ति (D. RAMNA MURTI S/O D. KRISHNA MURTI) दर्ज है। परन्तु वर्तमान में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दुर्गा महंती रंगाराव पिता डी. कृष्णा मूर्ति (DURGA MAHANTI RANGARAO S/O D. KRISHNA MURTI) दर्ज हो गया है। जिसे वास्तविक नाम डी. रमना मूर्ति पिता डी. कृष्णा मूर्ति (D. RAMNA MURTI Sto D. KRISHNA MURTI) के रूप में सुधार किये जाने हेतु सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष गजट प्रकाशन हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
डी. रमना मूर्ति पिता डी. कृष्णा मूर्ति,
निवासी चन्दन पारा, लेबर कैम्प,
वार्ड नं. 13, जामुल ए.सी.सी.
तहसील भिलाई-3, जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ती गुंजन सूर्यवंशी (Gunjan Suryavanshi) पिता घनश्याम सिंह सूर्यवंशी (Ghanshyam Singh Suryavanshi) निवासी प्लाट नं. 38/3 स्ट्रीट नं.21/बी. आशीष नगर वेस्ट, रिसाली भिलाई सिविंक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि :- यह कि, मैं उपरोक्त दर्शाये पते पर निवास करती हूँ। यह कि, मेरे नाम से भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका आधार नंबर-2097 2877 5370 है जिसमें मेरे माता-पिता का नाम सही है। यह कि, मेरे कक्षा-8वी, 10 वी, 12वी, के अंकसूची में माता-पिता का नाम घनश्याम सूर्यवंशी एवं माता नंदा दर्ज हो गया है जो लिपिकीय त्रुटि है। यह कि, मेरे जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता का सही व वास्तविक नाम घनश्याम सिंह सूर्यवंशी एवं माता का नंदा सूर्यवंशी है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र मेरे सम्पूर्ण शालेय प्रमाण पत्र में माता-पिता का नाम घनश्याम सिंह सूर्यवंशी एवं माता का नंदा सूर्यवंशी दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
गुंजन सूर्यवंशी
पिता घनश्याम सिंह सूर्यवंशी
निवासी प्लाट नं. 38/3 स्ट्रीट
नं.21/बी. आशीष नगर वेस्ट, रिसाली
भिलाई सिविंक सेंटर भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ती साधना ताम्रकार आयु 34 वर्ष, पति स्व. सन्नी ताम्रकार निवासी-संतरा बाडी पटवारी चाल वार्ड-26 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये पते पर निवास करती हूँ । यह कि, मेरे पर नाम भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम साधना खरे पति सन्नी ताम्रकार दर्ज हो गया है जो लिपिकीय त्रुटि है। जिसका आधार नंबर 8401 7089 6312 है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, मेरे परिचय पत्र (वोटर आईडी) एवं पेन कार्ड एवं राशन कार्ड में मेरा नाम साधना ताम्रकार पति सन्नी ताम्रकार दर्ज है जो कि वास्तविक नाम साधना ताम्रकार पति सन्नी ताम्रकार है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र साधना खरे के स्थान पर साधना ताम्रकार पति सन्नी ताम्रकार दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
साधना ताम्रकार
पति स्व. सन्नी ताम्रकार
निवासी-संतरा बाडी पटवारी चाल
वार्ड-26 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता शंकर लाल साहू (Shankar Lal Sahu)आत्मज दुखित राम साहू (Dukhit Ram Sahu) निवासी सिकोला भाठा वार्ड नं 16 दुर्ग तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे शालेय प्रमाण पत्र मे मेरा नाम छोटू राम आत्मज दुखित राम दर्ज है। जो कि लिपिकीय त्रुटि है एवं मेरा सही व वास्तविक नाम पेन कार्ड, वोटर कार्ड व अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम शंकर लाल साहू है। यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम शंकर लाल साहू (Shankar Lal Sahu) आत्मज दुखित राम साहू (Dukhit Ram Sahu) है। जो कि सत्य व सही है। मेरा आधार नं. 6030 5822 9074 है। यह कि उक्त शपथपत्र छत्तीसगढ राजपत्र गजट में छोटू राम के स्थान पर शंकर लाल साहू (Shankar Lal Sahu) आत्मज दुखित राम साहू (Dukhit Ram Sahu) को प्रकाशित किये जाने हेतू सक्षम अधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
शंकर लाल साहू
आत्मज दुखित राम साहू
निवासी सिकोला भाठा वार्ड नं 16 दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ग्रामीण, आदिवासी और वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए हम प्रतिबद्ध: भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के बेहतर स्वास्थ्य व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं मितानिन माताओं-बहनों के योगदान हेतु ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के तत्वावधान में सामुदायिक भवन पंडरिया, वीर सावरकर भवन कवर्धा और मंगल भवन सहसपुर लोहरा में आयोजित विकासखंड स्तरीय स्वस्थ पंचायत एवं जन संवाद सम्मेलन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं और जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सार्थक भूमिका निभाने वाली मितानिन माताओं-बहनों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण एवं आदिवासी वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इसे जनसेवा का मूल आधार बनाया गया है। ग्रामीण अंचलों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब और आदिवासी परिवारों को बड़ी

राहत मिली है। वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जैसे कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की नियमित जाँच, सुरक्षित प्रसव और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान बनी मितानिन दीदियाँ, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी बनी हुई हैं। इनके माध्यम से टीकाकरण, पोषण जागरूकता और प्राथमिक उपचार की सेवाएँ घर-घर तक पहुँच रही हैं।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि स्वस्थ पंचायत एवं जन संवाद सम्मेलन कार्यक्रम इन अभियानों को और गति देने के साथ ही जनता से रूबरू होकर उनकी समस्यों को सुनकर उसका निराकरण करने और सुविधाओं व स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और पोषण अभियान जैसी योजनाओं को स्वास्थ्य से जोड़कर लागू किया जा रहा है। वनांचल क्षेत्रों की भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट, एम्बुलेंस सेवा और दूरस्थ बस्तियों में स्वास्थ्य शिविरों का विस्तार किया जा रहा है, ताकि इलाज की सुविधा हर व्यक्ति तक पहुँच सके। पंडरिया विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हम पूरी तरह संकल्पित है और आने वाले समय में ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, मितानिन माताएं-बहनें एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

विधायक यशोदा वर्मा की अगुवाई में किसानों और मजदूरों ने दिया धरना, सड़क जाम भी किया

खैरागढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस खैरागढ़ द्वारा ग्राम ढिमरीनकुआ में मनरेगा बचाओ संग्राम एवं किसान हितैषी मांगों को लेकर कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन व सांकेतिक चक्काजाम किया गया। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक वर्मा एवं पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर की। मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने और योजना को कमजोर करने की कोशिशों के विरोध में कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम का बिगुल फूंका। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने सडक़ पर उतरकर सांकेतिक चक्काजाम किया। प्रदर्शन में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को देखते हुए धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग करते विधायक वर्मा ने कहा कि जिले मे कई किसानो के धान समर्थन मूल्य पर खरीदे नही गए है ।

अटके मांगों पर हुआ निर्णय छत्तीसगढ शिक्षक संघ सौपेंगा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। छग शिक्षक संघ की ब्लाक ईकाई खैरागढ़ की आयोजित बैठक मे संघ के विभिन्न मांगों के संदर्भ मे चर्चा कर प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया । बैठक के दौरान शिक्षकों की मुख्य समस्याओं में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ प्रदान करने ,स्थानांतरित शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि के आधार पर वरिष्ठता देने, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, आनलाइन अटेंडेंस को बंद करने, प्रथम नियुक्त तिथि के आधार पर पुरानी पेंशन की गणना और सर्विस बुक संधारण जैसे मांगो और विषयो पर चर्चा और मंथन किया गया । इन समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस रणनीति बनाकर कार्य करने की सहमति बनी एवं संगठन के विस्तार पर चर्चा कर जल्द संगठन के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर ज्ञापन सौंपने की तैयारी की गई । बैठक मे प्राचार्य कमलेश्वर सिंह, यशपाल वर्मा, राजू यादव, छत्रपाल सिंह परिहार, अजय राजपूत, अशोक जंघेल उपस्थित थे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने अयुब सोलंकी

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्षो के घोषणा के बाद खैरागढ़ अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री रहे अयुब सोलंकी को नया जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है । खैरागढ़ जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने अयुब सोलंकी इससे पहले इसी मोर्चा मे महामंत्री के रूप मे सक्रियता से पार्टी के दिशा निर्देशो के तहत कार्य करते रहे ।

कलयुग में भी जीवंत है गुरु-शिष्य परंपरा

प्राचार्य बनने पर शिष्यों ने अपने गुरु का 70 किलो लड्डुओं से तौलकर किया सम्मान

- सांकरा (जगन्नाथपुर) हायर सेकेंडरी स्कूल में दिखा दिल छू लेने वाला दृश्य

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के सांकरा (जगन्नाथपुर) स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह शिक्षा जगत के लिए एक अविस्मरणीय उदाहरण बन गया। यहां गुरु-शिष्य परंपरा की ऐसी मिसाल देखने को मिली, जिसने हर उपस्थित व्यक्ति को भावुक कर दिया। इस विद्यालय में वर्षों तक व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे चुके घनाराम देशमुख को उनके ही शिष्य रामा देशमुख (उम्र 36 वर्ष) ने करीब 70 किलो बूंदी के लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया। यह सम्मान किसी औपचारिक रस्म से नहीं, बल्कि सच्चे आदर और भावनात्मक जुड़ाव से जुड़ा हुआ था। रामा देशमुख ने करीब छह माह पूर्व घोषणा की थी कि यदि उनके प्रिय गुरु प्राचार्य बनेंगे, तो वे उन्हें लड्डुओं से तौलकर सम्मानित करेंगे। जैसे ही घनाराम देशमुख के प्राचार्य पद पर पदोन्नति की सूचना मिली, रामा ने अपनी इस घोषणा को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी।

20 साल बाद भी कायम गुरु-शिष्य का रिश्ता

रामा देशमुख वर्ष 2004 से 2007 बैच के छात्र हैं। खास बात यह रही कि घनाराम देशमुख ने न केवल रामा, बल्कि उनके दोनों बड़े भाइयों संतोष देशमुख और योगेश्वर देशमुख को भी पढ़ाया था। रामा ने बताया कि पढ़ाई समाप्त होने के बाद भी गुरुजी से उनका रिश्ता कभी टूटा नहीं। व्यवसाय में व्यस्त रहने के बावजूद वे समय-समय पर मार्गदर्शन लेते रहे और हमेशा उनका सम्मान करते आए।

सम्मान समारोह बना ऐतिहासिक पल

सम्मान एवं विदाई समारोह के दौरान रामा देशमुख ने मंच पर गुरु घनाराम देशमुख को आमंत्रित कर 70 किलो लड्डुओं से तौलकर उनका अभिनंदन किया। यह दृश्य उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा।

प्राचार्य घनाराम देशमुख बोले – यही है सच्ची दक्षिणा

सम्मान से अभिभूत प्राचार्य घनाराम देशमुख ने कहा– एक गुरु के लिए इससे बड़ी कोई दक्षिणा यही होती कि उसके पढ़ाए हुए छात्र जीवन में उसे सम्मान और आदर के साथ याद रखें। रामा देशमुख एक आदर्श शिष्य हैं। उनका यह व्यवहार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन में सैकड़ों बच्चों को पढ़ाते हैं, लेकिन जब वर्षों बाद भी कोई शिष्य इसी श्रद्धा के साथ सामने आता है, तो वह पल अमूल्य बन जाता है।

1998 से 2025 तक सांकरा स्कूल में दी सेवाएं

प्राचार्य घनाराम देशमुख ने 1998 से 2025 तक सांकरा हायर सेकेंडरी स्कूल में सेवाएं दीं। पदोन्नति के बाद वे वर्तमान में खरथूली हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के रूप में पदस्थ हैं।

पहले भी कर चुके हैं ऐसे सम्मान की पहल

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि रामा देशमुख इससे पहले भी इस तरह की अनूठी पहल कर चुके हैं। विगत वर्ष प्राचार्य कौमार्य के सेवानिवृत्ति अवसर पर उन्हें नारियल से तौला गया था। वर्तमान प्राचार्य एन.के. गौतम के सेवा निवृत्ति पर भी नारियल से तौलने की घोषणा की जा चुकी है।रामा देशमुख जगन्नाथपुर में किराना व्यवसाय से जुड़े हैं। पढ़ाई छूटने के बावजूद 20 वर्षों से गुरुजनों के साथ उनका रिश्ता अटूट बना हुआ है।

वितरण केन्द्र पांडातराई में रजत जयंती समारोह संपन्न, 21 लाभार्थी हुए सम्मानित

पांडातराई/नवप्रदेश। वितरण केंद्र पांडातराई अंतर्गत सामुदायिक भवन पांडातराई में आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को रजत जयंती समारोह 2025- 26 का आयोजन हर्षोल्लाह एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्युत विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता सोनी, अध्यक्ष नगर पंचायत पांडातराई रही। जबकि, विशेष अतिथि के रूप में मनोज ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं अखंडा मिश्रा, पार्षद पांडातराई उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रानू पांडे, पार्षद पांडातराई ने की। इस अवसर पर विद्युत विभाग उपसंभाग से सुनील कंवर,सहायक अभियंता, वितरण केंद्र पांडातराई से कनिष्ठ अभियंता लोमस सोनवानी एवं समस्त लाइन स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों से जुड़े लगभग 21 लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों एवं विभागीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। विशेष रूप से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को इस योजना से जोड़ने, सौर ऊर्जा अपनाने एवं आर्थिक लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।

सफाई एवं निर्माण कार्य देखने सुबह वार्ड 44 और 45 पहुंचे महापौर मधुसूदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मूलभुत सुविधा बिजली,पानी, सफ ाई का हाल जानने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्डो में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू हो समस्या से अवगत हो रहे है। इसी कडी में वार्ड नं. 44 व 45 के कौरिनभाठा, शिव कालोनी, गोकुलधाम सोसायटी, रिद्धि-सिद्धि कालोनी क्षेत्र में साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का महापौर श्री यादव आज सुबह पार्षद सेवक उईके व डुरेन्द्र साहू तथा निगम के तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ जायजा लेकर क्षेत्रवासियो से चर्चा किए। कौरिनभाठा एवं कालोनी क्षेत्र में साफसफाई का जायजा लेकर महापौर श्री यादव कालोनी वासियों के चर्चा किए। उन्होंने कहा कि कचरा नाली व रोड में न डाले,

बल्कि घर में ही कचरा पृथककर डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयो को देवे। उन्होंने कौरिनभाठा बस्ती का पानी जो शिव कालोनी जाता है उसे रिद्धि-सिद्धि कालोनी की ओर डायवर्ट कर निकासी कराने कहा। इसी प्रकार शिव कालोनी के बंद नाले को खोल नाली से जोडने कहा, जिससे दोनो कालोनी में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो।

महापौर श्री यादव गोकुलधाम सोसायटी में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण कर समुचित पानी निकासी के लिए रिद्धि-सिद्धि कालोनी से जोडने उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे को निर्देशित किए। उन्होंने गोकुल नगर समुदायिक भवन मरम्मत कार्य देख कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि गोकुल नगर वासियों को आयोजनो के लिए सुविधा मिल सके। रिद्धि-सिद्धि कालोनी में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिए पाईप लाईन को मेन सप्लाई लाईन से इंटर कनेक्शन करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करे ओर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कालोनीवासी उपस्थित थे।

मोहारा जल संयंत्रगृह के फिल्टर प्लांट का सीएफएल एवं सम्पवेल की होगी सफाई

नगर पालिक निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व टंकी सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने शहर के सभी पानी टंकियो की सफाई के साथ साथ मोहारा जल संयंत्रगृह के सभी प्लांटो के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराने के निर्देश दिये थे। निर्देश के अनुक्रम में जल संयंत्रगृह के फिल्टर प्लांटो का सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है। फिल्टर प्लांट सफाई के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि महापौर के निर्देशानुसार मोहारा फिल्टर प्लांट के सीएफएल एवं सम्पवेल की सफाई कराई जा रही है। सफाई की कडी में कल दिनांक 2 फरवरी 2026 सोमवार को 27 एवं 10 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट का सी.एल.एफ. एवं सम्पवेल सफाई कार्य कराया जाना है। जिसके कारण 27 एवं 10 एम.एल.डी. प्लांट से भरने वाले उच्च स्तरीय जलागार सिंगदई मोहड़ टंकी, लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी, टांकाघर नया टंकी (क्षमता 40.00 लाख लीटर), टांकाघर टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर), शंकरपुर टंकी, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी, इंदिरा नगर टंकी से दिनांक 2 फरवरी सोमवार की शाम पानी सप्लाई बाधित रहेगी, दिनांक 3 फरवरी 2026 मंगलवार सुबह से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी।

बोर्ड परीक्षा: जिले में टॉप करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा डॉ. अम्बेडकर एवं सावित्री बाई फूले स्मृति पुरस्कार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतरत्न डॉ0 बाबा साहब अंबेडकर जी एवं भारत की प्रथम महिला आध्यापिका सावित्री बाई फूले जी की स्मृति मे क्रमशः 12वीं बोर्ड एवं 10वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में राजनांदगॉव जिला स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अब प्रतिवर्ष पुरस्कृत किया जायेगा, उक्ताशय की घोषणा राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव एवं वरिष्ठ अध्यापक तथा राजनांदगॉव बौद्ध समाज के सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार भालाधरे के साथ संयुक्त रूप से आज प्रातः मोतीपुर स्थित अपने निज निवास पर विचार विमर्श के बाद की है। महापौर ने बताया है कि वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 से, जिले के मेधावी छात्रों को यह पुरस्कार देना प्रारंभ किया जायेगा, जिसमें 12वीं बोर्ड में जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को भारतरत्न डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर स्मृति पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा जिसके अंतर्गत दस हजार रूपये का नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह दिया जायेगा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं बोर्ड में जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को भारत की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्री बाई फूले की पुण्यस्मृति में दस हजार रूपये का नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया जायेगा। उक्त पुरस्कार राशि संस्कारधानी के वरिष्ठ अध्यापक तथा बौद्ध समाज राजनांदगॉव के सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार भालाधरे के सौजन्य से प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी और जिसे हर साल 15 अगस्त अथवा 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व के दिन डॉ. रमन सिंह जी, अध्यक्ष छ.ग.विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव तथा राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव के हाथों जिले के दो मधावी छात्रों को प्रदान किया जायेगा। उक्त पुरस्कार राशि एवं स्मृति चिन्ह अगले 10 वर्षो तक सन् 2026 से 2035 तक लागातार सामाजिक कार्यकर्ता एवं अध्यापक भालाधरे के सौजन्य से प्रदत्त होगा जिसे राजनांदगॉव के विधायक एवं महापौर के हाथों जिले के दो प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप दिया जयेगा। उक्त घोषणा करते हुए राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन ने बौद्ध समाज के वरिष्ठ अध्यापक संतोष कुमार भालाधरे के इस कदम की प्रशंसा की और इसे विद्यार्थियों के लिये हितकारी एवं उपयोगी बताया, जिससे जिले के मेधावी छात्रों को 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

वीबी जी रामजी योजना से गांव की सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता कार्यों को मिलेगी मजबूती

- जिला पंचायत सीईओ की प्रेसवार्ता,
- जीरामजी योजना ग्राम विकास और आजिविका का परिचायक बनेगा

खैरागढ़/नवप्रदेश। विकसित भारत योजना के तहत वीबीरामजी योजना की जानकारी देने जिला पंचायत सभाकक्ष मैकाल सदन मे आयोजित प्रेस वार्ता मे जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने वीबीरामजी योजना की कार्यविधि की जानकारी दी । प्रेस वार्ता में विकसित भारत गांरटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम, 2025 के संबंध में ऑडियो, वीडियो और पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी साझा की गई। सीईओ पटेल ने बताया कि नए रोजगार गारंटी एवं आजीविका योजना के बारे में आमजन तक सही जानकारी पहुँचाने 6 सप्ताह की विस्तृत कार्ययोजना अनुसार संवाद कार्यक्रम आयोजन का निर्देश जारी किया गया है। पहले चरण में मीडिया संवाद तथा आगामी चरणों में ग्रामीणों के द्वारा सामूहिक संकल्प, ग्राम सभा/चौपाल में चर्चा, स्कूलों में भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी, जिला व जनपद स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं सौ दिवस रोजगार पूर्ण करने वाले श्रमिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाना है । जिपं सीईओ पटेल ने बताया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सुनिश्चित करने, सुदृढ़ अवसंरचना का निर्माण, पारदर्शी मजदूरी भुगतान प्रणाली सुनिश्चित करने और पंचायत आधारित योजना निर्माण एवं कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने के उदेश्य से वीबी जीरामजी योजना को अधिनियमित किया गया है। पटेल ने योजना के खिलाफ जारी अभियान पर विराम लगाते सीईओ पटेल ने कहा कि अधिनियम के प्रासंगिकता एवं वैधानिक विशेषताओं और लाभों का स्पष्ट लाभ सीधे ग्रामीणों को मिलेगा । कार्यक्रम का उदेश्य अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में सार्वजनिक सूचना, स्पष्टीकरण और जागरुकता प्रदान करना है, ताकि जनपद स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक योजना का तथ्यात्मक रुप से सही और सुसंगत समझ विकसित हो सके । योजना में पेयजल, स्वच्छता, ग्रामीण संसाधनो , आजिविका, मौसमी घटना से निपटने जैसे कार्य संपादित होगें।

प्रथम पेज का शेष

कीटनाशक दवा लेकर...

सोसाइटी परिसर में हड़कंप मच गया। किसानों ने उन्हें गंभीर कदम उठाने से मनाया किया। वह रातभर सोसाइटी में बैठा रहा, लेकिन धान नहीं बिका। शनिवार को सूचना पर जनपद सीईओ उमेश रात्रे, एसडीएम राजकुमार सोनकर और तहसीलदार तहसीलदार हनुमंत श्याम पहुंचे। किसान ने बताया कि उसके ऊपर बहुत कर्ज है। प्रशासनिक अफसर उन्हें समझाकर लौटे हैं। इधर इस मामले में एसडीएम और तहसीलदार को हमने चर्चा करने के लिए फोन लगाया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

हाई टेंशन टावर...

-तफरी मच गई और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। धान खरीदी के शुरू होने के बावजूद टोकन न मिलने से किसान अनिल पैगवार काफी दिनों से परेशान था। लगातार प्रयासों के बावजूद कोई समाधान न मिलने पर उसने टावर पर चढ़ने का कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस बल ने भी क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। अधिकारियों ने किसान को नीचे उतरने के लिए समझाइश देना शुरू किया।

फिनाइल पीकर जान...

किसान अनुराग सिंह ठाकुर ने धान बेचने में लगातार आ रही परेशानियों से त्रस्त होने के बाद फिनाइल पीकर अपनी जान देने की कोशिश की। आत्महत्या की कोशिश से पहले किसान ने एक वीडियो बनाकर अपनी पीड़ा साझा की, जिसमें उसने प्रशासनिक अव्यवस्थाओं और धान खरीदी प्रणाली की खामियों को अपनी हालत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सांकर निवासी अनुराग सिंह ठाकुर क्षेत्र के बड़े किसानों में गिने जाते हैं। अभी वह अस्पताल में भर्ती है।

किसानों की आय बढ़ाने...

सीधे किसानों को लाभ मिले। उन्होंने फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन को मजबूत करने संबंधी योजना, कृषि यंत्रों के वितरण के फिजिकल वेरिफिकेशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य जिला योजना की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के कृषि अधिकारियों और सहयोगियों से संवाद कर टीम वर्क के साथ नवाचार पर ज़ोर दिया और कहा कि अच्छा काम करने वालों को सम्मान मिलेगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, मुख्य सचिव विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त व सचिव श्रीमती शहला निगार, सहित केन्द्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा...

महायुति का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिवंगत अजित पवार के परिवार और उनकी पार्टी द्वारा लिए गए हर फैसले का समर्थन करेगी। फडणवीस ने नागपुर में मीडिया कहा, 'राकांपा उपमुख्यमंत्री पद के लिए जो भी फैसला लेगी, सरकार और भाजपा उस फैसले का समर्थन करेंगे। मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि हम अजित दादा के परिवार और राकांपा के साथ खड़े हैं।'

300 नई ट्रेनों की घोषणा, किसान...

भारत योजना का दायरा बढ़ा सकती है। वर्तमान में 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को इस योजना का फायदा मिल रहा है, जिसे घटाकर 60 साल किया जा सकता है। साथ ही, सालाना ?5 लाख के मुफ्त इलाज की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है, ताकि कैंसर और हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों का खर्च कवर हो सके।

शराब दुकानों में मैन पावर...

कर्मचारियों' की संख्या के बजाय केवल भारी-भरकम 'टर्नओवर' को प्राथमिकता दी गई है, जिसे लेकर अभी से सवाल उठने लगे हैं।

आबकारी सूत्रों के मुताबिक, पिछले टेंडरों में ईपीएफजमा करने वाले रजिस्टर्ड कर्मचारियों और सरकारी संस्थानों में काम के अनुभव के आधार पर 'अंक' दिए जाते थे। नए टेंडर में इन तीनों महत्वपूर्ण शर्तों (अनुभव, कर्मचारी संख्या और लाइसेंस) को हटाकर केवल टर्नओवर को मुख्य आधार बनाया गया है। कमेटी ने टर्नओवर की सीमा 300 करोड़ रखी है। जानकारों का कहना है कि यह सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के नियमों के विपरीत है, जिससे भविष्य में जांच की तलवार लटक सकती है।

पिछली बार मैन पावर टेंडर में ईपीएफजमा करने वाले कर्मचारियों के अनुसार अंक निर्धारित थे, जो इस बार गायब हैं। इससे पहले भी पूर्व मुख्य सचिव के खिलाफइन्हीं मुद्दों पर शिकायतें पीएमओ तक पहुंच चुकी हैं, जिनकी जांच अभी लंबित है। ऐसे में नया टेंडर विभाग के लिए नई मुश्किलें खड़ी कर सकता है।

न्यूज गैलरी

प्रिज्म ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशंस द्वारा गर्ल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए 5 किमी रन का आयोजन

उतई/नवप्रदेश। 31जनवरी को प्रिज्म ग्रुप ने गर्ल एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए एक 5 किमी रन का आयोजन किया, जिसमें 300 से अधिक छात्रों और फैकल्टी ने भाग लिया।इस आयोजन का उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में शिक्षा के महत्व को उजागर करना था। इस रन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने शिक्षा के महत्व और लड़कियों की शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस रन में आयु के अनुसार 4 श्रेणियां बनाई गई थीं, और हर श्रेणी से तीन विजेताओं को गिफ्ट प्रदान किए गए। इसके अलावा, सबसे कम समय में रन पूरा करने वालों को नकद पुरस्कार दिया गया।

खोपली शिक्षा रत्न से सम्मानित हुए शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के शिक्षक गिरीश साहू

उतई/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के शिक्षक श्री गिरीश साहू को वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा ,उपसरपंच देवेंद्र भारती ने शिक्षा ,समाज,और बच्चो के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए खोपली शिक्षा रत्न सम्मान से साल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। गिरीश साहू ने अपने शाला ,शिक्षा,और बच्चो के लिए निरंतर विकास के लिए बेहतर कार्य किए।उनके प्रयास से बच्चो में बेहतर कलात्मकता का विकास हुआ,उनके प्रयास से शाला भवन को प्रिंट रिच वातावरण और सुसज्जित करने का प्रयास किया और सफल हुए।बच्चो के साथ बेहतर मेल जोल ,शिक्षक साथियों के साथ बढ़िया तालमेल से शाला विकास के कार्य किए शिक्षा रत्न खोपली से सम्मानित शिक्षक गिरीश साहू ने बच्चो व स्कूल के विकास व गुणवत्तापूर्वक शिक्षा के लिए अनेक प्रयास किये जिसमे मुख्यमंत्री जतन योजना से एक बड़ा अम्बेडकर हाल का निर्माण करवाकर उसमेंप्रोजेक्टर ,कंप्यूटर की उपलब्ध कराना जिससे बच्चे प्रोजेक्टर और कंप्यूटर के माध्यम से अच्छे से नई नई जानकारी प्राप्त कर सके।

युवा कांग्रेस जिला इकाई का विस्तार, भूषण भारद्वाज बने जिला उपाध्यक्ष!

भिनोदा/सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)नवप्रदेश । जिला युवा कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में जिला अध्यक्ष शुभम बाजपेयी द्वारा संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इसी क्रम में सरसींवा के सक्रिय युवा कार्यकर्ता, पूर्व पार्षद एवं वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि भूषण भारद्वाज को जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस सारंगढ़बिलाईगढ़ की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भूषण भारद्वाज लंबे समय से कांग्रेस संगठन में जमीनी स्तर पर सक्रिय रहते हुए युवाओं, छात्र हितों और स्थानीय जनसमस्याओं को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनकी यह नियुक्ति संगठन के भीतर मेहनती और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को आगे लाने की नीति का प्रतीक मानी जा रही है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष भूषण भारद्वाज ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

राहगीरों को परेशान करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

7 बदमाश एवं 1 नाबालिक हिरासत में

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में शांति व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में घुघरी रोड क्षेत्र में राहगीरों को रोककर अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीन व्यवहार करने एवं लोगों को डराए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक कृष्णा चंद्राकर के पर्यवेक्षण में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान एवं कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप एवं दोनों थाना की संयुक्त टीम गठित कर योजनाबद्ध कार्यवाही की गई।पुलिस टीम द्वारा रात्रि में कॉम्बिंग गश्त के दौरान घुघरी अटल आवास के पास से कुल 7 युवकों और 1 नाबालिक को हिरासत में लिया गया।

कांग्रेस की योजनाओं की नींव महात्मा गांधी के विचारों ने रखी थी : विधायक इन्द्र साव

घोषणा के अनुरूप किसानों का एक एक दाना धान खरीदे सरकार - कॉंग्रेस

कांग्रेसजनो ने दिया धरना

भाटापारा / नवपद्रशे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर स्थानीय कांग्रेसजनों द्वारा कांग्रेस भवन में बापू की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात बब्बू होटल के सामने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया गया। यह आंदोलन प्रदेश में धान खरीदी में व्याप्त अनियमितताओं तथा मनरेगा कानून में किए जा रहे संशोधनों के विरोध में आयोजित किया गया।

धरना स्थल पर आयोजित सभा को विधायक इन्द्र साव ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की योजनाओं की नींव महात्मा गांधी के विचारों ने रखी थी, जिसमें समाज के आखरी व्यक्ति के हितों की रक्षा, सम्मान व विकास मुख्य ध्येय था । उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। किसान महीनों की मेहनत के बाद जब अपना धान बेचने खरीदी केंद्रों तक पहुंचता है तो उसे टोकन, सर्वर की समस्या, नई-नई शर्तो एवं समय-सीमा जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार किसानों को बिना धान बेचे ही केंद्रों से लौटना पड़ता है, जिससे वे आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

विधायक साव ने अधिकारियों द्वारा किसानों के घर-खेत जाकर धान के भौतिक सत्यापन किए जाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह व्यवस्था अव्यवहारिक होने के साथ-साथ किसानों के स्वाभिमान के खिलाफ है। किसान पहले ही पंजीयन व आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करता है, इसके बावजूद घर जाकर जांच करना किसानों को संदेह की नजर से देखने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह किसानों को धान खरीदी प्रक्रिया से बाहर करने की साजिश है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलावों पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसमें बदलाव कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर रही है। काम के दिनों में कटौती, भुगतान में देरी और नियमों को जटिल बनाकर मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती रहेगी।

पूर्व निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ने एग्रीटेक पंजीयन की बाध्यता समाप्त कर किसानों को राहत देने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते सहकारी समितियां डिफाल्टर बनने की कगार पर पहुंच रही हैं। धान खरीदी के दौरान सूखत की भरपाई का समुचित प्रावधान नहीं होने से समितियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर किसानों और पूरी सहकारी व्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में रिकॉर्ड धान खरीदी हुई थी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज किसान किसानी छोड़ने और आत्मदाह जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।÷उक्त मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एस डी एम को सौंपा गया, जिसमें मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलावों को वापस लेने, धान खरीदी में आ रही अनियमितताओं को दूर करने तथा किसानों के हित में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की भी मांग की गई।

देह व्यापार की अनैतिक गतिविधियों पर कबीरधाम पुलिस की सख्त कार्रवाई

एक दलाल सहित 03 युवतियां हिरासत में

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में जिले में कानून व्यवस्था, सामाजिक मर्यादा एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 30 जनवरी 2026 की रात में घुघरी रोड स्थित अटल आवास क्षेत्र में देह व्यापार से संबंधित गतिविधियों की सूचना पर साइबर थाना एवं थाना कवर्धा (कोतवाली) की संयुक्त टीम द्वारा रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त के दौरान कार्रवाई की गई। इस दौरान महिला अधिकारियों एवं महिला आरक्षकों की टीम को विशेष रूप से शामिल किया गया।

कॉम्बिंग गश्त एवं दबिश के दौरान मौके से एक दलाल एवं तीन युवतियों को हिरासत में लिया गया, जो संदिग्ध रूप से देह व्यापार की गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। उक्त गतिविधियों से क्षेत्र की सामाजिक शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हो रही थी।

हिरासत में लिए गए दलाल का नाम

गोलू लहरे पिता कलम लहरे उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 17 मिनीमाता चौक कवर्धा इसके अलावा 3 युवतियों को भी हिरासत में लिया गया है। उक्त सभी के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई के जा रही है।

कबीरधाम पुलिस यह स्पष्ट संदेश देती है कि जिले में देह व्यापार, अनैतिक गतिविधियों एवं सार्वजनिक शांति भंग करने वाले किसी भी कृत्य को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज में भयमुक्त वातावरण एवं कानून का सम्मान बनाए रखने के लिए ऐसी सख्त कार्रवाइयाँ आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

संसार में मन लगाना ही ईश्वर प्राप्ति से दूर हो जाना है : नरेंद्र नयन शास्त्री

संगीतमयी कथा सुनने भक्तों की उमड रही भीड़, भागवत् कथा के आनंद में गोते लगा रहे श्रद्धालु

राजनांदगांव /नवप्रदेश। शहर का लेवर कालोनी इन दिनों आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री के मुखारविंद से बह रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की से गोकुल वृंदावन धाम बना हुआ है। चाय वाले बाबा के रुप में मशहूर आचार्य शास्त्री श्रीमद्भागवत कथा की एक-एक गूढ़ बातें जन मानस के सामने रख उन्हें भक्ति-भावना से सराबोर कर दें रहें। शनिवार की कथा का शुभारंभ श्रीमद भागवत कथा के यजमान संतोष पिल्ले व उनके परिवार द्वारा आरती -पूजा के साथ की गई। कथावाचक महराज जी को पगड़ी पहना कर शुरू की गई कथा में श्री शास्त्री ने कपिल मुनि,भक्त ध्रूव की तपस्या सहित जड़ भरत की कथा सुनाई और कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा हमें आध्यात्मिकता की ओर ले जाती हैं। राजा परीक्षित की तरह यह सांसारिक माया-मोह से दूर कर मोक्षता की ओर ले जाती है ।

आत्मा को जगाने से परमात्मा की प्राप्ति

महराज ने बताया कि संसार से जुड़े रहने से व्यक्ति ईश्वर से नजदीक नहीं अपितु दूर हो जाता हैं। भगवान कहते हैं कि उनके जितना करीब जाओगे उनसे दूर हो जाओगे। अपने अंदर की आत्मा को जगाओ परमात्मा की प्राप्ति हो जाएगी। श्री शास्त्री ने बताया कि संसार के बारे में सोचने, अनुरक्त रहने से आदमी हायपरटेंशन, डिप्रेशन एंग्जायटी आदि से ग्रस्त हो जाते हैं। शोक चिंता ,दुख जीवन में आती है। संसार के बारे में सोचना बंद कर दे तो संसार सागर से पार हो कर श्री कृष्ण के शरण में चले जाएंगे। आचार्य शास्त्री ने बताया कि कबीर जी कहा करते थे कि मन ही मिलाते राम से, मन ही कराते फ जीत...। असत्य कभी भगवान को स्पर्श नहीं कर सकता। कथा के दौरान भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार,जब काम हो रघुवर का तो बुलंद सितारा है,,,फिर कौन बिगाड़ेगा काम जब श्री राम सहारा है...जैसे सुमधुर गान ने भक्ति रस की वर्षा कर दी और श्रोता गण झूम उठे। लेवर कालोनी दशहरा मैदान में नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में लोग पधार रहे हैं। इसमें शहर के गणमान्य जनों सहित मुस्लिम बंधु कुतुबुद्दीन सोलंकी, एजाजुल रहमान जैसे लोग श्रीमद्भागवत कथा का रस पान करने में पीछे नहीं है। रविवार को महराज जी द्वारा समुद्र मंथन व भक्त प्रह्लाद चरित सहित मानव अवतार की कथा सुनाई जाएगी।

सेजेस डोंगरगढ़ में मनाया गया एलुमनी भूतपूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह

डोंगरगढ़ / नवपद्रशे। । 25 जनवरी दिन रविवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम विधालय डोंगरगढ़ में भूतपूर्व विद्यार्थियों का एलुमनी मिलन समारोह आयोजित किया । छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना कर किया गया। आमंत्रित भूतपूर्व विद्यार्थियों का शाला के SMDC अध्यक्ष कुलवंत कक्कड़ द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर व विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उद्बोधन का प्रारंभ स्स्छ्ष्ट के अध्यक्ष कुलवंत सिंह कक्कड़ के उद्बोधन से हुआ भूतपूर्व विद्यार्थियों में से सुब्रमण्यम स्वामी (रिटायर्ड IFS) ने अपने संबोधन में अपने विद्यालयीन अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के हित में मार्गदर्शन करने का प्रस्ताव भी दिया। श्री एच एस भाटिया पूर्व प्रो., नवाज खान (पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस ग्रामीण) रमन डोंगरे (अध्यक्ष नगर पालिका डोंगरगढ़) ने भी अपने सम्बोधन में अपनी पुरानी विद्यालयीन स्मृतियाँ साझा की। अंतिम संबोधन सबसे वरिष्ठ भूतपूर्व छात्रा श्रीमति सुभदा मिश्र का रहा। जिसमें उन्हाने विद्यार्थियों व शिक्षकों का सार्थक मार्गदशन किया। उद्बोधन के पश्चात शाला के विद्यार्थियों ने मनमोहक की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर भूतपूर्व विद्यार्थियों की पुरानी स्मृतियों को पुनर्जीवित किया। कार्यक्रम के अंत में SMDC अध्यक्ष व प्रभारी प्राचार्य पूर्णिमा साहू व पदाधिकारियों ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को श्रीफल भेटकर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर भूतपूर्व विद्यार्थियों में क्रीड़ाधिकारी मुन्नालाल नंदेश्वर, आर डी साहू,अरविंद सिंह (वरिष्ठ अधिवक्ता) सुनील जैन(समाजसेवी), जितेंद्र साखरे प्राचार्य रश्मि देवी महाविद्यालय खैरागढ़,श्री बाबूराव जनबंधु क्रीड़ा शिक्षक, ईश्वर निर्मलकर भूतपूर्व क्रीड़ा शिक्षक,विलास जांबुलकर पत्रकार,विलास सहारे शिक्षक,अमरीश तांडिया पत्रकार, विजयराज चौहान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, अरविंद सहारे रेलवे कर्मचारी जशवंत बागड़े अधिवक्ता ,साथ हि छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के भी भूतपूर्व विद्यार्थियों ने भी अपनी सहभागिता दी। इस दौरान विद्यालयीन अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के हित में मार्गदर्शन किया गया।

डॉ. जे.के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी पर आर्यन बिलासपुर का कब्जा

क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

भाटापारा / नवपद्रशे। मिलन क्रिकेट क्लब, भाटापारा के तत्वावधान में आयोजित डॉ. जे. के. आडिल चैंपियंस ट्रॉफी पर आर्यन बिलासपुर ने कब्जा किया वही उप विजेता भाटापारा टिम रही।

स्थानीय कल्याण क्लब में 10 जनवरी से आरम्भ क्रिकेट प्रतियोगिता का गणतंत्र दिवस को समापन हुआ।इस क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग जिलों एवँ शहरों से कुल 64 टीमो में भाग लिया। 17 दिनों तक रात्रि कालीन चले इस प्रतियोगिता का फाइनल चैंपियंस भाटापारा टीम और आर्यन बिलासपुर के मध्य खेला गया।दोनों टीमों ने अनुशासित, रोमांचक एवं उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबला आर्यन बिलासपुर ने जीता वही उपविजेता चैंपियंस भाटापारा रही। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका भाटापारा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के भाटापारा अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी द्वारा किया गया वही विशेष रूप से अध्यक्ष मिलन क्रिकेट क्लब अमरजीत सिंह सलूजा, सतीश अग्रवाल, अध्यक्ष कल्याण क्लब , मिलन क्रिकेट के संरक्षक डॉ. विकास आडिल, श्रीचंद छाबड़िया प्रदेश उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गिरधर गोविंदानी प्रदेश उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, लक्ष्मी नारायण सोनी प्रदेश अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन, कैलाश बालानी, डॉ.अरुण छाबड़ा समाजसेवी, हैकृष्णा गोयल, योगेंद्र यदु, प्रशांत वर्मा, राजेश शर्मा एवं सभी आयोजक एवं प्रायोजकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

01 से 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक राजिम कुंभ मेला क्षेत्र को शुष्क दिवस घोषित

गरियाबंद / नवपद्रशे। । राजिम कुंभ ;कल्पद्ध मेला 2026 के दौरान धार्मिक गरिमाए कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन ने बड़ा निर्णय लिया है। वाणिज्यिक कर ;आबकारीद्ध विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 ;महाशिवरात्रिद्ध तक राजिम कुंभ मेला क्षेत्र को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। यह आदेश जिला रायपुर अंतर्गत नवापाराए जिला धमतरी अंतर्गत मगरलोड तथा जिला गरियाबंद अंतर्गत राजिम क्षेत्र में प्रभावशील रहेगा।

हेलमेट लगाने किया प्रेरित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पर डाइट में विशेष मार्गदर्शन

महासमुंद / नवपद्रशे। । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अरूण प्रधान एवं उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस हमर पुलिस हमर संग एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में उपनिरीक्षक हिरवानी, प्रधान आरक्षक पवन कुमार धनकर, हरिश चंद्राकर, चंद्रवंशी, महेन्द्र सिंह दीवान एवं परिवहन विभाग से आरबी निर्मलकर ने कहा कि हम सभी को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना चाहिए ,क्योंकि हम सभी अपने परिवार के लिए अनमोल धरोहर हैं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक हिरवानी ने कहा कि दुर्घटना में घायल को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाला व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) सभी प्रकार की परेशानियों जैसे-अस्पताल, पुलिस विभाग और अदालती प्रक्रियाओं से सुरक्षित है। छात्राध्यापकों को प्रेरित करते हुए बताया गया कि सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा के तहत प्रशस्ति पत्र, 25 हजार रू. नकद एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक लाख रु. सम्मान के रूप में देने का प्रावधान है।

विशेष मार्गदर्शी कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अरूण प्रधान, उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा ने सभी छात्राध्यापकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए प्रेरित किया ।

अभावों के बीच इतिहास रच रहीं अर्जुंदा की वेटलिफ्टिंग बालिकाएं

जीत का परचम लहराया, लेकिन आज भी सरकारी मदद की बाट जोह रहीं खिलाड़ी

बालोद/ नवप्रदेश। संसाधनों के घोर अभाव, बुनियादी सुविधाओं की कमी और लगातार सरकारी उपेक्षा के बावजूद अर्जुंदा की वेटलिफ्टिंग बालिकाएं इतिहास रचती जा रही हैं। असुरक्षित सामुदायिक भवन में सीमित साधनों के बीच अभ्यास कर रही ये खिलाड़ी न केवल बालोद जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बावजूद आज तक न उन्हें स्थायी और सुरक्षित प्रशिक्षण भवन मिल पाया है और न ही प्रशासन या जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस सहायता।

खेलो इंडिया चयन ट्रायल में चमकी अर्जुंदा की प्रतिभा- वेटलिफ्टिंग स्पोर्ट्स अकादमी अर्जुंदा से जुड़ी बालिकाओं ने 6 जनवरी को आयोजित खेलो इंडिया जनजातीय खेल (छत्तीसगढ़ चयन ट्रायल) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस ट्रायल में अकादमी की चार बालिकाओं ने भाग लिया, जिनमें से दो बालिकाओं का चयन छत्तीसगढ़ टीम के लिए किया गया। ये दोनों खिलाड़ी फरवरी माह में आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया जनजातीय खेलों में बालोद जिला एवं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह उपलब्धि न केवल अकादमी बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार बढ़ती भागीदारी-अर्जुंदा की बालिकाओं की उपलब्धियों का सिलसिला लगातार आगे बढ़ता रहा है। पिछले महीने दिसंबर में अकादमी की तीन बालिकाओं ने अंडर-19 स्कूल नेशनल गेम्स में भाग लिया। इससे पहले पिछले वर्ष ओपन राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पूरे बालोद जिले से केवल एक ही खिलाड़ी का चयन हुआ था, जो अर्जुंदा की ही थी। वहीं इस वर्ष बालोद जिले से दो बालिकाओं का चयन ओपन राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 4 फरवरी से 12 फरवरी तक मोदीनगर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ये दोनों खिलाड़ी भी अर्जुंदा स्थित वेटलिफ्टिंग अकादमी से ही हैं। खेलो इंडिया ट्राइब नेशनल गेम्स में भी अर्जुंदा की मजबूत उपस्थिति इसके अतिरिक्त 14 फरवरी से शुरू होने वाले खेलो इंडिया ट्राइब नेशनल गेम्स, जिनका मेजबान राज्य छत्तीसगढ़ है, के लिए भी अकादमी की दो बालिकाओं का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है।

सीईओ जिला पंचायत ने किया लंबित एवं निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम टेड़ेसरा एवं सुरगी तथा जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम कुभटगांव एवं संबलपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लंबित एवं निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना अंतर्गत लंबित आवास निर्माण के हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को लंबित आवास निर्माण को पूर्ण कराने के लिए हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने कहा। साथ ही ग्राम रोजगार सहायक को निरंतर मानव दिवस सृजित करने निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण कराने वाले हितग्राहियों को ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किस्त राशि आवास निर्माण के अनुरूप प्राप्त होगी। सीईओ जिला पंचायत को हितग्राहियों ने योजना अंतर्गत किस्त की राशि प्राप्त होने की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से तकनीकी सहायक, आवास नोडल अधिकारी, आवास योजना के कर्मचारी तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

कलिंगा विश्वविद्यालय के सहयोग से बनी हिंदी फीचर फिल्म अरण्य एन माही फिल्म्स ओटीटी ऐप पर होगी रिलीज

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के फ़िल्म मेकिंग विभाग में निर्मित हिंदी फीचर फिल्म अरण्य÷का निर्माण कार्य सफ्लतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस फिल्म के निर्माण में कलिंगा विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण और भरपूर योगदान रहा है। विश्वविद्यालय ने न केवल तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए, बल्कि शैक्षणिक मार्गदर्शन, प्रोडक्शन सपोर्ट और क्रिएटिव वातावरण प्रदान कर फिल्म को एक मजबूत स्वरूप दिया। फिल्म अरण्य को एन माही फ़िल्म्स प्रोडक्शन तथा नीरा एडुकॉम के बैनर तले तैयार किया गया है और यह 10 फ्रवरी को एन माही फ़िल्म्स ओटीटी ऐप पर रिलीज़ होने जा रही है। सामाजिक सरोकार से जुड़ी यह फिल्म जंगलों में विकास के नाम पर हो रहे अतिक्रमण, प्रशासनिक अनुमति के दुरुपयोग और आदिवासी समाज के विस्थापन जैसे गंभीर मुद्दों को संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ प्रस्तुत करती है। फिल्म के निर्देशक नितेश झा ने बताया कि ÷यह फिल्म जंगल और आदिवासी समाज के उस संघर्ष को सामने लाती है, जिसे अक्सर विकास की चमक में नजरअंदाज कर दिया जाता है। प्रशासन द्वारा दी गई अनुमतियों का दुरुपयोग कर कुछ ठेकेदार किस तरह आदिवासियों की जल-जंगल-ज़मीन छीन लेते हैं और उनके जीवन पर इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यही इस फिल्म का मूल भाव है। छायांकन निर्देशक साहिल कुमार ने प्राकृतिक लोकेशनों पर फिल्म की सिनेमैटोग्राफी करते हुए जंगल की वास्तविक आत्मा को पर्दे पर उतारने का प्रयास किया है। फिल्म की कहानी नितेश झा, पटकथा गर्व शर्मा और संवाद अनिशा मोहंती द्वारा लिखे गए हैं, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं। फिल्म में कलाकार और तकनीकी टीम अनिशा मोहंती, युवराज सिंह, आलोक मिश्रा, अभिषेक शर्मा, अनमोल पांडे, घर शर्मा, सुधांशु सिंह, नितेश झा, शुषांत शर्मा, गीता शर्मा, डॉ. संदीप गांधी, यशपाल बेसरा, यशु देवांगन, एरिक मलिक और अब्दुल मुनाफ प्रमुख भूमिकाओं में हैं। संगीत निर्देशक व गीतकार बबला बागची, आर्ट डायरेक्टर युवराज साहू, संपादन नितेश झा, सह-संपादन ईश मिश्रा, प्रोडक्शन मैनेजर सुधांशु सिंह, लाइन प्रोड्यूसर आलोक मिश्रा, कॉस्ट्यूम व मेकअप मुस्कान विश्वकर्मा द्वारा संभाला गया है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कलेक्टर ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया



रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर सहित जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने भी राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दीं। कार्यक्रम के दौरान गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रनिर्माण में उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, नवीन कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सीईओ ने की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीईओ बिश्वरंजन ने योजना की वर्तमान प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैंकों को आवेदन सोर्सिंग बढ़ाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी अनावश्यक बाधा के समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी आवेदन को बिना ठोस कारण के अस्वीकृत न किया जाए, तथा यदि किसी कारणवश आवेदन निरस्त किया जाता है तो संबंधित आवेदक को अस्वीकृति का स्पष्ट कारण अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।

छग सरकार की महतारी वंदन योजना के दो साल पूरे,आत्मनिर्भरता, सुरक्षा से आया बदलाव

- **दो वर्षों की अवधि में आर्थिक रूप से अधिक मजबूत हुईं महिलाएं**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना के दो साल हुए पूरेछत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना ने दो साल पूरे कर लिए हैं। आज यह योजना सिर्फ हर महीने मिलने वाली राशि तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए आत्मसम्मान, भरोसे और आत्मनिर्भरता का आधार बन चुकी है।

योजना की शुरुआत 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों पहली किस्त जारी होने के साथ हुई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इसे पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ लागू किया, ताकि लाभ सीधे महिलाओं तक पहुंचे।मुख्यमंत्री ने 30 जनवरी को नारायणपुर जिले से महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त जारी की। इस दौरान 68 लाख 47 हजार 355 महिलाओं के बैंक खातों में 641 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के जरिए ट्रांसफर की गई।

नियमित आर्थिक मदद से से बढ़ी महिलाओं में आत्मविश्वास

अब तक योजना के तहत कुल 15 हजार 595 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि महिलाओं के खातों में पहुंच चुकी है। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि योजना कितने बड़े स्तर पर महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा से जुड़ चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव है। नियमित आर्थिक मदद से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे परिवार व समाज के फैसलों में खुलकर भागीदारी कर रही हैं। डीबीटी व्यवस्था के कारण दूर-दराज और नक्सल प्रभावित इलाकों तक भी लाभ बिना रुकावट पहुंच रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये सीधे बैंक खाते में मिल रहे हैं। इस छोटी लेकिन नियमित मदद ने महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी में बड़ा बदलाव किया है। घर की जरूरतें आसान हुई हैं, बचत की आदत बढ़ी है और आर्थिक फैसलों में उनकी भूमिका मजबूत हुई है। नियद नेल्ला नार योजना के जरिए अब तक 7,763 नई महिलाओं को इससे जोड़ा जा चुका है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह योजना छत्तीसगढ़ को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई पहचान दिला रही है।

लगातार सहयोग से महिलाएं खुद की बना रही पहचान

यह योजना मजदूर, छोटे किसान और सीमित आय वाले परिवारों के लिए भी सुरक्षा कवच साबित हो रही है। बच्चों की पढ़ाई, इलाज और अचानक आने वाले खर्चों की चिंता अब पहले जैसी नहीं रही। कई महिलाएं भविष्य के लिए बचत और योजनाएं बनाने लगी हैं। राज्य सरकार के सुरक्षा और विकास के साझा प्रयासों का असर यह है कि सुकमा, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में भी महतारी वंदन योजना प्रभावी ढंग से लागू हो रही है।

रियल एस्टेट सेक्टर को मिलेगी नई रफ्तार, बाजार में आएगी तेजी

राज्य के राजस्व में होगा उल्लेखनीय इज़ाफा : कैट

मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के प्रति कैट ने जताया आभार

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), छत्तीसगढ़ चैप्टर ने रायपुर एवं कोरबा जिले के लिए भूमि एवं आवासीय कॉलोनियों की कलेक्टर गाइडलाइन दरों को मंजूरी देने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे व्यापार, निवेश और राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए दूरदर्शी, संतुलित और अत्यंत सकारात्मक कदम बताया है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि दावा-आपत्तियों की विधिवत सुनवाई के पश्चात् लिया गया यह निर्णय लंबे समय से प्रतीक्षित था। इस फैसले से न केवल रियल एस्टेट सेक्टर को राहत मिलेगी, बल्कि जमीन खरीद-फ्रोख्त से जुड़े व्यापारी, निवेशक और आम नागरिक भी लाभान्वित होंगे।

डिप्टी सीएम शर्मा ने आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से अस्पताल में की मुलाकात

- **चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लेकर परिजनों से की चर्चा**

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शनिवार शाम रायपुर के एक निजी अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्होंने बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत करेंगुट्टा पहाड़ी में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के उपचार की स्थिति की जानकारी ली तथा जवानों के परिजनों से भी चर्चा की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने घायल जवानों से घटना की जानकारी ली और उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिए कि जवानों के बेहतर एवं समुचित उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में तैनात हमारे जवान अत्यंत साहस और समर्पण के साथ देश-प्रदेश की सुरक्षा में लगे हैं, और उनका त्याग अतुलनीय है। ज्ञात हो कि बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत करेंगुट्टा पहाड़ी में 25 जनवरी को एक के बाद एक कुल छह आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट हुए थे। इन विस्फोटों की चपेट में आने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 12 जवान घायल हो गए थे। यह घटना उस समय हुई, जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम तेलंगाना सीमा से लगे करेंगुट्टा हिल्स क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। घटना के बाद सभी घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया, जहाँ उनका उपचार एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। इनमें से 6 जवानों को उपचार उपरांत स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि शेष जवानों की स्थिति में भी लगातार सुधार हो रहा है।

महिला सेना पुलिस भर्ती रैली 23 फरवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर द्वारा महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली 23 फ्रवरी 2026 को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी मध्यप्रदेश में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों की चयनित महिला अभ्यर्थी भाग लेंगी। महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 के बीच ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया गया था।

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत धान खरीदी की तिथी बढ़ाने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। मनरेगा बचाओ के तहत कांग्रेस ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉको में धरना प्रदर्शन किया तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश के अनेकों स्थानों पर सांकेतिक चक्का जाम किया। कांग्रेस की मांग है कि सरकार प्रदेश के सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदे। अभी भी प्रदेश के लाखों किसान अपना धान नहीं बेच पाये है। भाजपा सरकार किसानों से धोखा कर रही है। सरकार 1 माह तक धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी तिथि खत्म हो गयी है। अभी तक जिस प्रकार से धान खरीदी की गई है इससे स्पष्ट है कि अभी भी लाखों किसान धान नहीं बेच पाये है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होगा किसान कर्ज में आ जाएंगे और भाजपा की सरकार किसानों को आर्थिक रूप से तंगहाल करना चाहती है भाजपा सरकार चाहती है की किसान हताश और परेशान होकर अपनी उपज को औने पौने दाम पर बिचौलिया के पास बेच दे ताकि भाजपा सरकार किसानों को 3100 रु क्विंटल की दर से भुगतान करने से बचे। सरकार धान खरीदी की तिथि बढ़ाये।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना : दाम्पत्य जीवन से मिली समाज में सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना : सशक्त दाम्पत्य, आत्मनिर्भर जीवन और सम्मान की नई पहचान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवेदनशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहा है।

विशेष रूप से दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास, आत्मनिर्भरता और मुख्यधारा में प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना आज जमीनी स्तर पर बदलाव की मजबूत मिसाल बन रही है। समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित यह योजना दिव्यांग दम्पत्तियों को विवाह के पश्चात् आर्थिक संबल प्रदान कर उनके दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ आधार दे रही है, साथ ही उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दे रही है। इस योजना के अंतर्गत जिला गरियाबंद के छुरा विकासखंड स्थित ग्राम कुटेना, पोस्ट पाण्डुका निवासी कुलेश्वरी निषाद एवं उनके पति लकेश निषाद को लाभान्वित किया गया। कुलेश्वरी निषाद 45 प्रतिशत अस्थिबाधित तथा लकेश निषाद 40 प्रतिशत श्रवण बाधित हैं। योजना के प्रावधान अनुसार पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में उन्हें एक लाख रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस सहायता से दम्पत्ति ने अपने दाम्पत्य जीवन को सशक्त बनाया और आज वे किसी पर निर्भर नहीं होकर आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। गरियाबंद जिला के ही विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम भाठीगढ़ निवासी 30 वर्षीय विजेश्वरी कोमर्रा, जो 65 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं एवं तहसील छुरा के ग्राम अमलोर निवासी 35 वर्षीय केशर कोमर्रा पति-पत्नि है। दम्पत्ति को योजना के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत राशि ने दम्पत्ति को उनके दाम्पत्य जीवन को सुदृढ़ आधार देने में मदद की है।दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना छत्तीसगढ़ शासन की समावेशी, मानवीय और जनकल्याणकारी नीति का सशक्त उदाहरण है, जो दिव्यांग दम्पत्तियों के सपनों को नया आधार देकर उन्हें आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर कर रही है। इसी प्रकार, जिला बलौदाबाजार भाटापारा के ग्राम मिरगी निवासी टिकेश्वर साहू को भी इस योजना का लाभ मिला है। अस्थिबाधित दिव्यांगता के बावजूद साहू ने शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से स्वयं को सक्षम बनाया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ स्थापित करना है। वहीं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का कहना है कि यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और स्वाभिमान का मजबूत आधार तैयार कर रही है।

विद्यार्थियों ने देखा लोकभवन, बच्चें मिले राज्यपाल से, संग ली फोटो

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर लोकभवन की गतिविधियों से जनसामान्य, विशेषकर विद्यार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य से लोकभवन का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर मठपारा के 50 छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ आज लोकभवन का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने लोकभवन परिसर स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम, उदंती परिसर, कन्हार परिसर, डिस्पेंसरी उद्यान तथा सचिवालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। बच्चों ने राज्यपाल से मुलाकात कर सामूहिक फोटोग्राफी कराई। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे, इनकी विदाई का समय आ गया

परगना। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस कड़ी में अब शनिवार को उत्तर 24 परगना में दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि अब टीएमसी की विदाई का समय आ गया है। इसी के गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया।अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है। इसी के साथ गृहमंत्री ने

ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर वंदे मातरम के अपमान का भी आरोप लगाया।

उन्होंने आगे कहा, 'वंदे मातरम का विरोध करके ममता बनर्जी नरेंद्र मोदी का विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि वह बंगाल की पहचान और भारत के गौरव का विरोध कर रही हैं। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि अगले चुनावों में बंगाल की पहचान का विरोध करने वाली टीएमसी को पूरी तरह से उखाड़ फेंकें और यहां देशभक्तों की सरकार लाएं।'

वहीं आनंदपुर अग्निकांड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'आनंदपुर में लगी आग कोई हादसा नहीं है। 25 लोगों की जान चली गई है, और 27 लोग लापता हैं। यह घटना क्यों हुई? इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा है? मोमो फैक्ट्री के मालिक कौन हैं? मोमो फैक्ट्री के मालिक किसके साथ फ्लाइट से विदेश गए हैं?

घुसपैठियों को खुश करने के लिए वंदे मातरम का विरोध

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 'इस साल वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है। पीएम मोदी की सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया है, लेकिन विडंबना देखिए। जब बंगाल में जन्मे और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम पर संसद में चर्चा हुई, तो ममता बनर्जी के सांसदों ने चर्चा का विरोध किया। क्या बंगाल की धरती वंदे मातरम के इस विरोध को बर्दाश्त कर सकती है? हमें यह संदेश बंगाल के हर व्यक्ति, हर वोटर, हर नागरिक तक पहुंचाना है कि ममता बनर्जी और टीएमसी वोट बैंक की राजनीति और घुसपैठियों को खुश करने के लिए वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं।

मेरी एक ही पार्टी है कांग्रेस, केरल चुनाव में पूरी ताकत से करूंगा प्रचार

तिरुवनंतपुरम। अपनी पार्टी से नाराजगी व मतभेद की खबरों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर साफ-साफकह दिया कि वे पार्टी छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी केरल विधानसभा चुनाव में सिर्फ अपनी पार्टी कांग्रेस और यूडीएफ की जीत चाहते हैं और खुद भी इसके लिए प्रचार करेंगे।

उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी एकमात्र इच्छा केरल में होने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी और गठबंधन की जीत देखना है। उन्होंने यह भी कहा कि वह पार्टी और गठबंधन की जीत के लिए प्रचार करेंगे। केरल विधानसभा चुनाव कांग्रेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। पार्टी 10 साल से विपक्ष में है और इस बार सत्ता में वापसी की पूरी कोशिश कर रही है।

ईरान अमेरिकी युद्धपोत के पास करेगा नौसैनिक अभ्यास

ईरान का दावा- पहले से ज्यादा मजबूत हुई सैन्य क्षमताएं

दुबई/वॉशिंगटन। अमेरिका ने ईरान की तरफ से अपना सबसे बड़ा बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा, जिसमें अमेरिकी जहाजों से टक्कर की दिशा में ईरानी स्पीडबोटों का आना भी शामिल है। ईरान की तरफ से ये भी दावा किया गया है कि हाल ही में हुए 12-दिवसीय युद्ध से उसकी सैन्य क्षमताएं पहले से ज्यादा मजबूत हुई हैं।

बातचीत के लिए तैयार है ईरान

वहीं इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश निष्पक्ष और न्यायसंगत बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने ट्रंप की मुख्य मांगों को खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि रक्षा रणनीतियां और मिसाइल प्रणालियां कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी।

'घी में मिलावट की रिपोर्ट पिछली सरकार ने दबाई, मंत्री का बड़ा दावा

अमरावती। तिरुमाला घी और लड्डू विवाद को लेकर आंध्र प्रदेश के मंत्री पय्यावुला केशव ने दावा है कि 2019 में वाईएसआरसीपी सरकार ने निविदा की शर्तों में बदलाव किया था। मंत्री पय्यावुला केशव का दावा है कि लड्डू में मिलावट 2019 के बाद शुरू हुई, इसके सबूत मौजूद हैं। बता दें कि, 2022 में मैसूरु स्थित सीएफ्टीआरआई की तरफ से विश्लेषण किए गए घी के नमूनों में मिलावट पाई गई। मंत्री का कहना है कि पिछली सरकार ने इसे दबा दिया था। उन्होंने आगे कहा कि वाईएसआरसीपी को भगवान वेंकटेश्वर स्वामी में आस्था नहीं है। उन्होंने घी की खरीद को एक व्यावसायिक लेन-देन की तरह लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में भगवान के प्रति विश्वास को नजरअंदाज किया गया।

अबूझमाड़ की धरती से देश-दुनिया को दिया जा रहा है अमन और शांति का मजबूत संदेश: साय

अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन: शांति, विश्वास और विकास का सामूहिक दौड़

रायपुर/नवप्रदेश। अबूझमाड़ की पावन धरती से शांति, सद्भाव और विकास का सशक्त संदेश देते हुए आज अबूझमाड़ पीस हाफमैराथन 2026 का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अलसुबह नारायणपुर के हाईस्कूल परिसर के समीप आयोजित हाफमैराथन सहभागिता की और धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सांकेतिक रूप से स्वयं भी दौड़ लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विजयी प्रतिभागियों को प्रदान किए जाने वाले मैडल का अनावरण भी किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज अबूझमाड़ की धरती से पूरे देश और दुनिया को अमन और शांति का मजबूत संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही अबूझमाड़ है, जहाँ कभी आम नागरिकों और जवानों का पहुँचना भी कठिन था, लेकिन आज सकारात्मक वातावरण के कारण हजारों लोग यहाँ एकत्रित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में माओवाद से मुक्ति की दिशा में युवा वर्ग का जोश और उत्साह यह संकेत दे रहा है कि जल्द ही यह क्षेत्र खुशियों से आबाद होगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार की नीतियों और नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति का उल्लेख करते

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर में अबूझमाड़ पीस हॉफमैराथन को दिखाई हरी झंडी

हुए कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के समूल उन्मूलन का लक्ष्य तय किया गया है और बस्तर लाल आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा। उन्होंने नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष में लगे सुरक्षा बलों के अधिकारियों एवं जवानों के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि उन्हीं के बलिदान और समर्पण से आज बस्तर क्षेत्र में शांति और विकास की मजबूत नींव पड़ी है।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हाल ही में बस्तर क्षेत्र में 351 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है तथा नए विकास कार्यों की घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के कारण यह क्षेत्र पिछले चार दशकों से विकास से वंचित रहा, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और बस्तर में विकास की गंगा निरंतर बहेगी। उन्होंने सम्पूर्ण बस्तर और छत्तीसगढ़ को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

उल्लेखनीय है कि यह 21 किलोमीटर लंबी हाफमैराथन नारायणपुर से बासिंग तक आयोजित की गई, जिसमें देश-विदेश से आए 60 से अधिक विदेशी प्रतिभागियों सहित बस्तर संभाग, प्रदेश एवं अन्य राज्यों के 10 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया। मैराथन से पूर्व हाईस्कूल परिसर में जुंबा वॉर्मअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने एक साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस आयोजन की सबसे विशेष और ऐतिहासिक बात यह रही कि आत्मसमर्पित माओवादी युवाओं ने भी हथियार छोड़कर शांति और मुख्यधारा में लौटने का संदेश देते हुए मैराथन में हिस्सा लिया। नारायणपुर की अबूझमाड़िया जनजाति सहित स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और अधिक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी बनाया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक केदार कश्यप, जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, बस्तर सांसद महेश कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, वैद्यराज पद्म हेमचंद मांझी, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी. सुंदरराज, कलेक्टर मती नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक राबिनसन गुरिया, जिला सीईओ मती आकांक्षा शिक्षा खलखो सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के बाद नाबालिग हुई प्रेग्नेंट, अभियुक्त को उम्रकैद

रायपुर/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर बलात्कार करने से गर्भवती होने पर न्यायाधीश ने बड़ा फैसला सुनाया है। आरोप सिद्ध होने पर एक अभियुक्त को कठोर आजीवन कारावास और एक हजार रुपए जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। जबकि इस मामले में दो आरोपियों को दोषमुक्त किया है। वहीं पीड़िता को हुई मानसिक, शारीरिक हानि और पुनर्वास के लिए क्षतिपूर्ति राशि 7 लाख रुपए देने का आदेश भी दिया है।

यह मामला थाना मंदिर हसौद क्षेत्र का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई प्रथम फास्ट ट्रैक विशेष न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की कोर्ट में पूर्ण हुई। मामले की पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू ने कोर्ट को बताया कि अभियुक्त पूर्वानंद ढीमर 18 दिसंबर को 2019 नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर शादी करने का झांसा देकर भगा ले गया। इस मामले में दो आरोपी रुखमणी धीवर और प्रकाश धीवर ने सहयोग किया। इस मामले में 10 जून 2022 को जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग की रिपोर्ट पर कार्रवाई शुरू हुई। करीब एक साल तक घर से निकलने नहीं दिया, उसी दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई। बिना शादी के उसने एक पुत्र को जन्म दिया। बच्चे को टीकाकरण के लिए भी घर से निकलने नहीं दिया जाता था। जब पीड़िता शादी के लिए दबाव बनाती थी तो अभियुक्त उसके साथ मारपीट करता था। 11 जून 2022 को पीड़िता को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया गया तो पता चला कि पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीनों आरोपी जेल में रिमांड पर रहे। मंदिर हसौद पुलिस ने मिले साक्ष्य, आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किये।

मनरेगा बचाने और धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम

धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के बोरी तहसील में जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूरे जिले में केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया। यह विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से मनरेगा योजना में बदलाव, नियमों में बदलाव तथा किसानों की धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर आयोजित किया गया। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

धरना स्थल पर उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार मजदूरों और किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने के लिए इसके

नियमों में मनमाने ढंग से बदलाव किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और समय पर मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो रहा है।

वही जीवन वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों से और मजदूरों के विरुद्ध कार्य कर रही है लगातार पूरा प्रदेश में सरकार के नीतियों का विरोध प्रदर्शन चल रहा है,आने वाले दिन में भाजपा की इस से सरकार को हार का क़रार जवाब मिलेगा वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां पूरी तरह से किसान और मजदूर विरोधी हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर रोजगार बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर मनरेगा में काम के दिन घटाकर और जटिल नियम लागू कर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस इन नीतियों का सड़क पर उतरकर विरोध करती रहेगी। इस दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि जिले में अब तक बड़ी संख्या में किसानों की धान खरीदी पूरी नहीं हो पाई है, फिर भी सरकार खरीदी की अंतिम तिथि समाप्त करने पर अड़ी हुई है। इससे किसानों में भारी चिंता और आक्रोश है। उन्होंने मांग की कि धान खरीदी की तिथि तत्काल बढ़ाई जाए, ताकि कोई भी किसान अपने हक से वंचित न रहे।

प्रदर्शन कर दिया सरकार को संदेश, समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन होगा तेज

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफजोरदार नारेबाजी की। शांतिपूर्ण तरीके से किए गए इस चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को स्पष्ट संदेश दिया गया कि यदि जनसमस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर जीवन निर्मलकर, यगेंद्र दिल्लीवार,रेवा बंजारे,योगेश साहू,संतलाल बंजारे,पप्पू सोनवानी,बब्बू वैष्णव,मन्नू देशमुख,राधे वर्मा,कामदेव साहू, डाकेंद्र साहू,अरुण साहू,ग़मल उमरे,जितेंद्र वर्मा,रामकुमार पटेल,देवेंद्र चंदेल,परमेश्वर यादव,लुमेश्वर पटेल,रामा वर्मा, टोमन साहू,जीवधन साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजिम मेले में कवरेज मीडिया के लिए बन रही चुनौती, पत्रकारों ने की प्रशासन से मांग

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान मंचीय कार्यक्रमों एवं प्रमुख अतिथियों के आगमन के समय स्थानीय पत्रकारों और फोटोग्राफरों को हर वर्ष गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समाचार कव्हरेज के लिए निर्धारित समय पर मंच तक पहुंचना पत्रकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाता है, क्योंकि पुलिस द्वारा उन्हें जगह-जगह रोक दिया जाता है।

पत्रकारों का कहना है कि वैध पहचान पत्र और प्रेस आईडी होने के बावजूद कई बार बैरिकेटिंग पॉइंट पर अनावश्यक रूप से रोक दिया जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि मंचीय कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं, अतिथि मंच पर पहुंच जाते हैं और मीडिया प्रतिनिधि समय पर कव्हरेज नहीं कर पाते। इससे न केवल पत्रकारों के कार्य में बाधा आती है, बल्कि कार्यक्रमों की निष्पक्ष और समय पर जानकारी भी जनता तक नहीं पहुंच पाती। स्थानीय मीडियाकर्मियों ने सवाल उठाया है कि जब प्रशासन द्वारा आमंत्रण, प्रेस सूची और कव्हरेज की आवश्यकता पहले से तय होती है, तो फिर मौके पर पुलिस द्वारा असमंजसपूर्ण रोक-टोक क्यों की जाती है। कई बार ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पत्रकारों के प्रवेश संबंधी स्पष्ट निर्देश न होने के कारण विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान मंचीय कार्यक्रमों एवं अतिथियों के कव्हरेज के लिए जाने वाले पत्रकारों और फोटोग्राफरों को विशेष रंग के पास उपलब्ध कराए जाने की मांग उठी है। पत्रकारों का कहना है कि यदि अलग पहचान वाले पास की व्यवस्था हो और उच्च अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, तो मीडिया कर्मियों को अनावश्यक रूप से रोके जाने की समस्या से बचा जा सकता है।

पत्रकारों के लिए विशेष पास व्यवस्था की उठी मांग

श्रमजीवी पत्रकार संघ के गरियाबंद जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा, महासचिव रमेश चौधरी व स्थानीय मीडियाकर्मियों ने मांग की है कि जिला पुलिस प्रशासन कुंभ कल्प मेला अवधि के दौरान पत्रकारों के लिए स्पष्ट प्रवेश व्यवस्था, निर्धारित मार्ग और पास सिस्टम लागू करे, ताकि कव्हरेज सुचारू रूप से हो सके।

कोर्ट के आदेशों की अनदेखी, तालाब में भवन बनाने की तैयारी, नगर में आक्रोश

धमधा/नवप्रदेश। न्यायालय के स्पष्ट आदेश, पर्यावरण कानून और स्वयं कलेक्टर के पूर्व निर्णय को नजरअंदाज कर तालाब में सामुदायिक भवन निर्माण की तैयारी से पूरे नगर में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। वार्ड क्रमांक 02 में आंगनवाड़ी भवन के पीछे स्थित तालाब क्षेत्र को पाटकर निर्माण की योजना के खिलाफ शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तीखा विरोध दर्ज कराया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रस्तावित स्थल राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से ÷तालाब÷ के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद वहां निर्माण की कोशिश करना सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत की खुली अवहेलना है। इस सिद्धांत के अनुसार तालाब, झील और अन्य जलस्रोत जनता की अमानत हैं, जिनका संरक्षण राज्य का संवैधानिक दायित्व है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों के स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार से सीधे जुड़ा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वेटलैंड्स (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत तालाब या संरक्षित जलाशय के भीतर किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद तालाब क्षेत्र में निर्माण की जिद प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार संबंधित तालाब लगभग 15 फीट गहरा है और वर्तमान में नगर का कचरा यहीं डाला जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र दलदली और अत्यंत अस्थिर हो चुका है। ऐसे स्थान पर करीब 25 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण को न केवल जानलेवा खतरा बल्कि सरकारी धन की खुली बर्बादी बताया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में स्वयं कलेक्टर द्वारा इसी स्थल पर सामुदायिक भवन निर्माण प्रस्ताव को निरस्त किया जा चुका है। इसके अलावा वर्ष 2015 में 15 लाख रुपये की स्वीकृति के बावजूद तालाब स्थल होने के कारण निविदा प्रक्रिया भी निरस्त करनी पड़ी थी, फिर भी उसी स्थान को दोबारा चयनित करना समझ से परे बताया जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तालाब को बचाते हुए सामुदायिक भवन का स्थान तत्काल नहीं बदला गया, तो यह विरोध नगरव्यापी जन आंदोलन का रूप लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

न्यायालयों के निर्देश

अदालतों ने स्पष्ट किया है कि तालाबों के भीतर, किनारे या कैचमेंट क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता और अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है।

शासकीय आश्रम में छात्र के इलाज में लापरवाही, बच्चे की मौत पर मचा हड़कंप

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़े गोबरा के नाम से संचालित भाठीगढ़ के आश्रम में एक आदिवासी बच्चे के बीमार पड़ने पर आश्रम प्रबंधन द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने और देरी के कारण छात्र की मौत हो गई यह खबर लगते ही जहां संबंधित विभाग के अफसरो में हड़कंप मच गई है वही दूसरी ओर माता-पिता के एक मात्र संतान के मौत से परिवार सदमें में है।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने आदिवासी छात्र के मौत पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग किया है और आरोप लगाया गया है कि आश्रम अधीक्षक एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मामले को दबाने के लिए कागजी घोड़ा दौड़ाना प्रारंभ कर दिया गया है परिजनों को किसी प्रकार के बयान नही देने का दबाव बनाए जाने की सनसनीखेज मामले सामने आए है बहरहाल एक गरीब आदिवासी अपने बच्चे के सुनहरे भविष्य को लेकर उन्हे पढ़ाने आवासीय आदिवासी बालक आश्रम भेजा गया था ताकि उसका बच्चा पढ़ लिखकर मा-बाप का सहारा बन पाए। इस मामले में आदिवासी सहायक आयुक्त गरियाबंद लोकेश्वर पटेल ने बताया इस मामले की जानकारी आज ही मुझे मिली है पूरा मामले को जानने के बाद ही कुछ बता पाउंगा। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भाठीगढ़ में शासकीय आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा का संचालन किया जा रहा है इस आश्रम में ग्राम गजकन्हार विकासखण्ड नगरी निवासी छात्र राघव कुमार जाति गोड़ ने 26 जून 2023-24 में कक्षा छटवीं में प्रवेश लिया था और इस सत्र में वह कक्षा सातवी का छात्र था छात्र राघव कुमार मंडावी बच्चों में होनहार थे और अपने माता पिता का एक मात्र संतान था उसके नाना मैनपुर से 8 कि.मी. दूर ग्राम पथर्री में निवास करता है। जिसके कारण उन्होने अपने पौत्र को भाठीगढ़ स्थित आदिवासी बालक आश्रम में निवास कर पढ़ाई के लिए प्रवेश दिलवाया था। छात्र राघव मंडावी पिछले 20 जनवरी से आश्रम के साथियों और वहां के कर्मचारियों को अपना तबियत खराब होने की जानकारी देते हुए उनके माता पिता से मोबाईल में बात कराने की गुहार लगाते रहा लेकिन आश्रम के कर्मचारियों ने छात्र की बातो को अनसुना कर दिया।

राज्यपाल रमेन डेका आज राजिम कुंभ का करेंगे शुभारंभ

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रयाग के नाम से प्रसिद्ध राजिम में माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी राजिम कुंभ कल्प नया मेला स्थल चौबेबांधा राजिम में होगा। राजिम कुंभ (कल्प) 1 फरवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 1 फरवरी को कुंभ कल्प का शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल सहित रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा की अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, नगर पालिका

परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष लिलेश सुरेश साहू, नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष रूप नारायण साहू एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में होगा।

शुभारंभ समारोह में विशिष्ट अतिथि दंडी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज, शंकराचार्य आश्रम रायपुर, राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज, स्वामी राजीव लोचन दास महाराज, आचार्य स्वामी राकेश महाराज, आर्य समाज प्रमुख छत्तीसगढ़, संतकौशलेन्द्र रामजी महाराज, अध्यक्ष राम नाम संत समाज, सारंगढ़, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, पटेश्वर धाम बालोद, महंत सर्वेश्वर दास महाराज, प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति, संत परमात्मानन्द महाराज, गोरखपुर धाम पेंड्रा, मध्यप्रदेश, संत गोकुल गिरि जी महाराज, लोमस ऋषि आश्रम राजिम, प्रजापिता ब्रह्मकुमार नारायण भाई, प्रजापिता ब्रहमकुमारी हेमा बहन, राजिम, दंडी स्वामी श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, चक्रमहामेरुपीठम मुंगेली, महंत नरेन्द्र दास महाराज, राष्ट्रीय महामंत्री निर्मोही अखाड़ा, स्वामी विराम देवाचार्य जी महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती महाराज जबलपुर, मध्यप्रदेश, महंत उमेशानंद गिरी महाराज, सिद्धिविनायक आश्रम राजिम, संत विचार साहेब जी महाराज, कबीर संस्थान गोबरा नवापारा, रायपुर, स्वामी डॉ. राजेश्वरानन्द जी महाराज, सुरेश्वर महादेव पीठ रायपुर, संत युधिष्ठिर लाल जी महाराज, शदाणी दरबार रायपुर, महंत बी.आर. जोशी, सतनाम पंथ, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी पुष्पा बहन, नवापारा गरियाबंद सहित सम्माननीय संत विशिष्टि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com